**अयि मन्मथ ! कोप ! लोभमौहौ !**

**मद ! मात्सर्य ! वृथाऽयमुद्यमो वः ।**

**शरणं कुरुते यतो मनो मे**

---

[3] रा.क.र.स्त. – 1/47

[4] तत्रैव – 2/57

[5] तत्रैव – 2/76

**शरकृत्ताशरनायकं प्रभुं तम् ।।**[6]

कविः आत्मनः व्यसनेषु प्रवृत्तिं सूचयति वर्णमालास्तोत्रे। सः तद्व्यसनं त्यक्त्वा नित्यं श्रीरामचरणयोः उपविश्य सेवामेव कर्तुमिच्छति सः। अतः तेनोच्यते – हे रामचन्द्र ! भवान् दयालुः व्यसनेभ्यः मां निष्कास्य तव दासरूपेण मां स्थापय । अह्वं नित्यं तव प्रभुतामेव द्रष्टुमिच्छामि । यथा–

**क्लृप्तामपि व्यसनिनीं भवितव्यतां मे**

**नाथान्यथा कुरु तव प्रभुतां दिदृक्षोः ।**

**चक्रे शिलाऽपि तरुणी भवता तदास्तां**

**मायाऽपि यद्घटयते तव दुर्घटानि ।।**[7]

कविः आत्मनः मोहं प्रतिपाद्य तद्विनाशार्थं श्रीरामैव एकः शरणः इति उल्लिखति । यथा–

**धत्ते शिरांसि दश यः सुकरो वधोऽस्य**

**किं न त्वया निगमगीतसहस्रमूर्ध्ना ।**

**मोहं ममामितपदं यदि देव हन्याः**

**कीर्तिस्तदा तव सहस्रपदो बहुः स्यात् ।।**[8]

कविः विषयासक्तिदोषाः कथं कष्टदायकाः भवन्ति तदुल्लिखति। तैः दोषैः सर्वमपि कृत्यजातं पङ्किलं जायते । अन्तः कश्चन परितापः उत्पद्यते। अस्मिन् प्रसङ्गे तद्दोषनिवारणाय श्रीरामं विहाय गत्यन्तरं नास्तीति कविः आत्मरक्षणार्थं निवेदयति । यथा –

**अत्यन्तं विषयास्तुदन्ति हृदयं सत्यं मृषा न त्विदं**

**नित्यं तेन मलीमसं भवति मे कृत्यं ततो भावि किम् ।**

**इत्यन्तः परितप्यते रघुपते गत्यन्तरं नास्ति मे**

**सत्यन्तावसरे त्वमेत्य सहसा भृत्यं तदा पाहि माम् ।।**[9]

कविः धनमददोषमुल्लिखति। अस्मिन् संसारे नैके धनिकाः वर्तन्ते। ये सर्वदा श्रीहीनान् व्यथयन्ति । यथा –

**श्रीहीनं व्यथयन्ति ये धनमदादेहीति याहीति तान्**

**बाहीकानिव न स्मराम्यपि पतीन्दोहीयसीनां गवाम् ।**

---

[6] रा.क.र.स्त. – 2/77

[7] व.मा.स्तो. – श्लो.9

[8] तत्रैव – श्लो.34

[9] रामाष्टप्रासस्तवः – श्लो.29

**देहीतीरितमन्तरेण ददते यो हीहितं देहिनां**

**पाहीति ब्रुवतो रघूद्वह दयावाही स सेव्योऽसि मे ।।**[10]

पुनः पुत्रकलत्रमित्रादिविषयेषु आसक्तिः मोहः, अहङ्कारभावना इत्यादीनामपि दोषाणाम् उल्लेखनं कृत्वा कविना उच्यते –

**नाहं पुत्रकलत्रमित्रविषयं नेहं विहातुं क्षमः**

**साहंकारमिदं मनश्च न कृतोत्साहं गुरूपासने ।**

**देहं नश्वरमन्तकस्य न दया हा हन्त तेनोज्झितुं**

**मोहं नैति रुचा विडम्बितपयोवाहं रघूणां पतिम् ।।**[11]

तृष्णादोष उच्यते कविना –

**तृष्णा यद्विषयेषु धीविकलतां पुष्णाति धैर्यं च य-**

**न्मुष्णाति श्रुतिदर्शिते पथि पदं कुष्णाति वा तन्न वा ।**

**उष्णाभीशुकुलाधिपस्य भजने वृष्णापि वन्द्यौजसो**

**निष्णातस्तु भवक्षिपाम्यघगणान्कृष्णानिवाब्दान्मरुत् ।।**[12]

अर्थात् बुद्धेः विकलतां पुष्णाति, धैर्यं मुष्णाति, श्रुतिदर्शिते पथि पदं न स्थापयितुं ददाति, अस्मिन् समये अहं केवलं सूर्यवंशस्य श्रीरामचन्द्रस्यैव भजनं कर्तुमिच्छामि। यतः तद्भजनेन वृष्णा अपि वन्द्यः शक्तिमांश्च जायते । अहमपि तद्भजनासक्तः निपुणस्सन् अघदोषान् तथैव दूरं क्षिपामि यथा पवनः आकाशे मेघखण्डान् दूरमपसारयति ।

एवं प्रकारेण श्रीरामभद्रः स्वकाव्ये दोषान् दर्शयति। ये दोषाः मानवमनसः बन्धनकारणानि भवन्ति । एतेषां दोषाणां दूरीकरणे एव मानवः शान्तिं लभेत, मुक्तो भवेत् इति निष्कर्षः ।

**सहायकग्रन्थसूची**


1. रामभद्रसाहस्रमञ्जरी, वी.स्वामिनाथाचार्यः, श्रीमहाप्रियावल ट्रष्ट, गुरुकृपा – 94, आइ.टि.आइ. ले आउट्, बाङ्गालोर्, 560 054
2. विशिष्टाद्वैतवेदान्त में प्रमेय मींमासा (शोधप्रबन्धः), श्याम सुन्दर तिवारी (अनुसन्धाता), संस्कृतविभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, 2054 वैक्रमीय संवत् ।
3. न्यायसूत्रम् (महामुनिगौतमकृतम्), विश्वनाथतर्कपञ्चाननकृतवृत्तिसमेतम्, पं.सुख- दयालकृतहिन्दीव्याख्यासमेतम्, पञ्जावविश्वविद्यालयः, पंजाव, 1883 ।


10 तत्रैव – श्लो.74

11 रामाष्टप्रासस्तवः – श्लो.60

12 तत्रैव – श्लो.77

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# रोगनिर्णयः

प्रो.राधाकान्तठाकुरः
प्रोफेसर ,ज्योतिषविभागः, राष्ट्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः , तिरुपतिः।

**Article Info**
Volume 7, Issue 1
**Page Number :** 22-24
**Publication Issue :**
January-February-2024
**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**शोधसारांशः-** बलवान् लग्नेशः केन्द्रस्थितैः शुभग्रहैः दृश्यते अपि लग्ने गुरुस्तथा केन्द्रे शुभग्रहो वर्तते चेत्तदा जातकः दीर्घायुर्भवति । तस्य रोगशोकजनिता चिन्ता न भवति ।

**मुख्यशब्दाः-** लग्नेशः, जातकः, रोगनिर्णयः, रुजः, रोगः, ग्रहः मृत्योः।

ज्योतिषशास्त्रं सिद्धान्तसंहिताहोरेतिस्कन्धत्रयात्मकमस्ति । तत्र होराशास्त्रे जातकस्य सम्पूर्णजीवनस्य शुभाशुभफलविचारः क्रियते । यथोक्तम् –

**यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम् ।**
**व्यञ्जयति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव ॥**[1]

भैषज्यविशेषज्ञस्य वैद्यस्य न केवलमौषधज्ञानमावश्यकमपि तु तेन देशकालविभागादीनामपि ज्ञानं कर्तव्यमपि च रुजः कारणमालोच्यैव रोगस्यौषधं दातव्यमित्यायुर्वेदेप्युक्तम् –

**रोगमादौ परीक्षेत ततोऽनन्तरमौषधम् ।**
**ततः कर्म भिषक् पश्चात् ज्ञानपूर्वं समाचरेत् ॥**
**यस्तु रोगमविज्ञाय कर्माण्यारभते भिषक् ।**
**अप्यौषधविधानज्ञस्तस्य सिद्धिर्यदृच्छया ॥**
**यस्तु रोगविशेषज्ञः सर्वभेषज्यकोविदः ।**
**देशकालप्रमाणज्ञस्तस्य सिद्धिरसंशयम् ॥**[2]

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

शरीरं व्याधिमन्दिरमित्युक्त्या शरीरे कस्मिन् अवयवे रोगः स्यादित्यस्यानुशीलनं ज्योतिषशास्त्रे क्रियते । यत्पिण्डे तद्ब्रह्माण्डे इत्युक्त्यनुगुणं राशिमण्डलरूपं समस्तब्रह्माण्डं कालपुरुषं कल्पितं ततः कालपुरुषस्य अङ्गानि शीर्षतः चरणपर्यन्तं मेषादिद्वादशराशयः कल्पिताः । यथा –

**शीर्षमुखबाहुहृदयोदराणि कटिवस्तिगुह्यसंज्ञानि ।**

**ऊरू जान जङ्घे चरणाविति राशयोऽजाद्याः ॥**

**कालनरस्यावयवान् पुरुषाणां चिन्तयेत् प्रसवकाले ।**

**सदसद्ग्रहसंयोगात् पुष्टाः सोपद्रवास्ते च ॥**[3]

अर्थात् कालपुरुषस्य यदङ्गं शुभग्रहेण दृष्टं युतं वा स्यात्तस्य पुष्टता परन्तु यदङ्गमशुभग्रहेण दृष्टं युतं वा स्यात्तस्य विकलता भवेत् ।

मन्त्रेश्वरेण स्वफलदीपिकायां जातकस्य रोगस्य विचारः विस्तरेण कृतः तेनोक्तम् –

**रोगस्य चिन्तामपि रोगभावस्थितैर्ग्रहैर्वा व्ययमृत्युसंस्थैः ।**

**रोगेश्वरेणापि तदन्वितैर्वा द्वित्र्यादिसंवादवशाद्वदन्तु ॥**[4]

अर्थात् रोगस्य निर्णयः रोग (षष्ठ)स्थानस्थितात् ग्रहात् व्ययमृत्युस्थानस्थितैर्ग्रहैः अथवा षष्ठेशेन षष्ठेशयुतग्रहेण वा करणीयः।

एवं प्रकारेण ग्रहेणापि शरीरावयवस्य विचारः क्रियते। यथोक्तम् –

**आत्मा रविः शीतकरस्तु चेतः सत्त्वं धराजः शशिजोऽथ वाणी।**

**ज्ञानं सुखं चेन्दुगुरुर्मदश्च शुक्रः शनिः कालनरस्य दुःखम् ॥**[5]

अर्थात् कालनरस्य सूर्यः आत्मा, चन्द्रः मनः, मङ्गलः बलं, बुधः वाणी, गुरुः ज्ञानं सुखञ्च, शुक्रः वीर्यं तथा शनिः दुःखमस्ति । अतः यो ग्रहः बलवान् तदङ्गं पुष्टं यश्च ग्रहः दुर्बलः तदङ्गं दुर्बलं कष्टदं वेति।

अद्यत्वे बहूनामपि हृदयरोगः दृश्यते । तत्र वैद्यनाथेनैवं हृदयरोगो निर्दिष्टः –

**हृन्मूलरोगमुपयाति सुखे फणीशे पापेक्षिते गतबले यदि लग्ननाथे ।**

**शूलभयं तनुपतौ रिपुनीचराशौ भौमसुखे रविसुते यदि पापदृष्टे ॥**[6]

अर्थाद् हृदयरोगो भवति यदा राहुः चतुर्थस्थाने स्यात् लग्नेशः पापदृष्टो बलहीनो वा स्यात् अथवा लग्नेशः शत्रुगृहे नीचराशौ वा स्यात्तत्र कुजः चतुर्थे शनिः पापग्रहदृष्टश्च स्यात्।

एवमेव बहूनामपि उदरे रोगः वायुविकारो दृश्यते । तत्र झोपाख्यजीवनाथेनमेवमुक्तम् –

**पापेन दृष्टे यदि लग्नगेहे शनौ यदा प्लीहनिपीडितश्च ।**

**पापार्दिते लग्नगते शनौ वा सुखेन हीनोऽनिलगोलरोगी ॥**[7]

अर्थात् यदि लग्ने शनिः पापग्रहदृष्टः अस्ति चेत्तदा प्लीहरोगो भवति । लग्नं पापग्रहदृष्टं शनिना युतं वा स्यात्तदा उदरे भूरि वायुगोलं भवति।

एवं प्रकारेण ग्रहेभ्यः रोगनिर्णयः होराशास्त्रे बहुत्र वर्णितोऽस्ति ।

रोगविचारः प्राचीनाचार्यैः विस्तरेण कृतः। तत्र ग्रहः कारणं भवति। रोगस्य भावस्तु षष्ठः भवति। परन्तु केवलं षष्ठभावादेव रोगस्य निर्णयो न भवति। अष्टमस्थानात् अष्टमस्थानं यो ग्रहः पश्यति तस्मात् मृत्योः विचारः क्रियते । उक्तञ्च –

**अष्टमस्थानगे शुक्रे पापग्रहनिरीक्षिते ।**

**वातरोगात्क्षयाद्वापि प्रमेहाद्वा मृतिं वदेत् ॥**[8]

जीवने लग्नेशस्य महत्त्वं वर्तते । अतो हि यदि बलवान् लग्नेशः केन्द्रस्थितैः शुभग्रहैः दृश्यते अपि लग्ने गुरुस्तथा केन्द्रे शुभग्रहो वर्तते चेत्तदा जातकः दीर्घायुर्भवति । तस्य रोगशोकजनिता चिन्ता न भवति। इति।

## सन्दर्भग्रन्थः


1. लघुजातकम् – अध्यायः 1 – श्लोकः 4
2. चरकसंहिता – महारोगाध्यायः – 20 तः 22 श्लोकाः
3. लघुजातकम् – राशिप्रभेदाध्यायः – 4, 5 श्लोकौ
4. फलदीपिका – अध्यायः 14 – श्लोकः 1
5. लघुजातकम् – अध्यायः 2 – श्लोकः 1
6. जातकपारिजातः – अध्यायः 6 – श्लोकः 91
7. भावप्रकाशः – अध्यायः 6 – श्लोकः 10
8. जातकपारिजातः – आयुर्दायाध्यायः – श्लोकः 89

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# अखाड़ों की भूमिका-मंदिर निर्माण एवं पुनरुद्धार के विशेष संदर्भ में

सोनिका गुप्ता
शोध छात्रा, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

**Article Info**

Volume 7, Issue 1
**Page Number :** 48-50
**Publication Issue :**
January-February-2024
**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**शोधसारांश-** देश के विभिन्न तीर्थ स्थान में स्थित अखाड़े ने धार्मिक स्थलों को अपना केंद्र बनाया। अनेक मंदिरों का निर्माण कार्य कराया एवं उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की। जनजीवन में अच्छे मूल्य की स्थापना की। समाज के लिए लोकगीत के कार्यों में अग्रणी रहे। इन सब कार्यों के पीछे उनका उद्देश्य पवित्र रहा, भावनाएं जनकल्याण की रहीं। अत: हम कह सकते हैं कि अखाड़े ने अपना अमूल्य योगदान भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं विस्तार में दिया।

**मुख्य शब्द-** तीर्थ, प्रबंधन, मंदिर, समाज, निर्माण, अखाड़ा, भारतीय संस्कृति।

प्रारंभ में अखाड़ों की स्थापना विदेशी साम्राज्यवादी शक्तियों के आक्रमण, यवनों के अत्याचार, ईर्ष्या, आंतरिक फूट तथा भेदभाव जैसी अनेक समस्याओं के निवारण हेतु हुई थी। आगे चलकर मध्यकाल में, स्थापना के समय, सैनिक छावनी जैसा अखाड़ों का स्वरूप रहा। एकमात्र उद्देश्य प्रमुख था वह था – धर्म की रक्षा। स्थाई रूप से विभिन्न स्थानों में बस जाने के बाद अखाड़ों की भूमिका, उनके लक्ष्य एवं उद्देश्य परिवर्तित हुए। अखाड़ों की सैनिक छावनी वाली भूमिका ब्रिटिश शासन काल तक धीरे–धीरे समाप्त हो गई। अखाड़ों ने भारतीय संस्कृति की रक्षा, उन्नति एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अपना ध्यान केंद्रित किया। लोकहित के कार्यों में संलग्न होकर अखाड़ों ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। ब्रह्मर्षिजी , भूतपूर्व महंत, पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, प्रयाग, लिखते हैं कि, 'सामाजिक व्यवस्था में नैतिकता की स्थापना अखाड़ों का परम लक्ष्य है, वही सदस्यों का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन को परोपकार एवं धार्मिक ढांचे में डालकर समाज में अच्छे नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों की स्थापना करें तथा जनता को सही दिशा निर्देशित करें।[1]

अखाड़ों में रहने वाले सन्यासियों के जीवन के कुछ प्रमुख उद्देश्य होते हैं जैसे – हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार, भगवान शिव की पूजा–उपासना, भारत के पवित्र तीर्थों का भ्रमण तथा जनकल्याण के लिए लोक सेवा ।[2]

अवध के नवाब सफदरगंज ने अठारहवीं शताब्दी में अयोध्या में महंत अभयरामदास, जो वैरागियों के निर्वाणी अखाड़े के महंत थे, मंदिर निर्माण हेतु हनुमानगढ़ी पर भूमि दान दिया था।[3] अयोध्या के अनेकों मंदिरों का मरम्मत कार्य सफदरगंज के दीवान नवल राय द्वारा संपन्न कराया गया।[4] सफदरगंज द्वारा प्रदत्त भूमि पर हनुमानगढ़ी मंदिर बनाने का समर्थन आसिफउद्दौला द्वारा किया गया।[5]

प्रयाग में स्थित अखाड़े में दशनामी संप्रदाय के पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी ने जनता के धार्मिक– सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। युद्ध के दिनों में वीरता प्रदर्शित करने तथा शांति के दिनों में

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सनातन धर्म संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का उद्देश्य लेकर संकल्पित नागा संतो को उत्पन्न करने का श्रेय इसी अखाड़े को जाता है। इस अखाड़े को भारत के कुछ प्राचीन मंदिरों का संरक्षण एवं पुनरुद्धार करने का श्रेय भी है। इस अखाड़े द्वारा संरक्षित मंदिरों की लंबी सूची महंत लालपुरी द्वारा प्रदान की गई है।[6] जिसमें प्रयाग, वाराणसी, कनखल, उज्जैन, पौड़ी गढ़वाल, कुरुक्षेत्र, पिछेवा, स्थानेश्वर, भर, देहरादून, बडौदा, आगरा आदि स्थानों के मंदिर सम्मिलित हैं। इस अखाड़े के नागा सन्यासियों द्वारा तीर्थों एवं मंदिरों की रक्षा हेतु अनेकों युद्ध आक्रमणकारियों के विरुद्ध किये तथा वीरगति को प्राप्त हुए जिसमें गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर[7], काशी विश्वनाथ मंदिर[8] एवं मथुरा के मंदिर[9] शामिल है। प्रयाग में महानिर्वाणी अखाड़े द्वारा संरक्षित मंदिरों में अलोपीबाग में स्थित अलोपशंकरी मंदिर एवं दारागंज स्थित वेणीमाधव मंदिर प्रसिद्ध है जिसका विस्तार, पुनरुद्धार समय- समय पर कराया जाता है।

प्रयाग का दूसरा प्रसिद्ध दशनामी अखाड़ा तपोनिधि श्री निरंजनी अखाड़ा है। अखाड़े का मुख्यालय प्रयाग में ही है, परंतु एक शाखा कनखल(हरिद्वार) में भी है। प्रयाग, वाराणसी, हरिद्वार आदि स्थानों में कुछ मंदिरों के संरक्षण का श्रेय इस अखाड़े को जाता है। बाघंबरी गद्दी, निरंजनी अखाड़े की ही एक शाखा है। इसकी स्थापना सोलहवीं शताब्दी में शैव मतावलंबी बाघंबरी बाबा ने की[10] जो दारागंज, प्रयाग में स्थित है। बादशाह औरंगजेब ने इनके चमत्कारों से प्रभावित होकर तेरह गांव माफी लगा दिए।[11] लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर, प्रयाग में जो स्थित है, पूजा-प्रबंध, देखरेख आदि बाघंबरी गद्दी की ओर से ही होता है।

उदासीन, वैरागी एवं निर्मल अखाड़े अपने अखाड़ा क्षेत्रों के मंदिरों का प्रबंध व्यवस्था करते हैं। इनके अधिकांश मंदिर अमृतसर, हरिद्वार, अयोध्या, वाराणसी आदि स्थानों में है। अयोध्या का हनुमानगढ़ी मंदिर, वैष्णव वैरागी (रामानंदी) नागाओं की एक सभा करती है। इस मंदिर में 500 नागा साधु निवास करते हैं।[12] यह पंचायती मंदिर है, जो एक किले के समान है। खाकी अखाड़ा के संस्थापक, चित्रकूट के दयाराम, ने अवध के नवाब शुजाउद्दौला के समय में चार बीघा भूमि अयोध्या में प्राप्त कर एक सुंदर मंदिर का निर्माण कराया था।[13] वैष्णव अखाड़ा अधिकांश रूप से अपने जीवन निर्वाह हेतु अपने भू संपत्ति एवं मंदिरों के चढ़ावे पर निर्भर है।[14]

वैष्णव अखाड़ा का एक बड़ा स्थान[15] दारागंज प्रयाग में है। अकबर के समकालीन एक विद्वान चमत्कारी संत मद्देव मुरारी जी को अकबर के प्रयाग स्थित किले के अंदर पातालपुरी मंदिर की वर्तमान मूर्तियों को प्रकट करने का श्रेय दिया जाता है जो वर्तमान रूप में प्रतिष्ठित है।[16]

इस प्रकार हमें ज्ञात होता है कि देश के विभिन्न तीर्थ स्थान में स्थित अखाड़े ने धार्मिक स्थलों को अपना केंद्र बनाया। अनेक मंदिरों का निर्माण कार्य कराया एवं उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की। जनजीवन में अच्छे मूल्य की स्थापना की। समाज के लिए लोकगीत के कार्यों में अग्रणी रहे। इन सब कार्यों के पीछे उनका उद्देश्य पवित्र रहा, भावनाएं जनकल्याण की रहीं। अत: हम कह सकते हैं कि अखाड़े ने अपना अमूल्य योगदान भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं विस्तार में दिया।

सन्दर्भ-


1. उदासीन कल्पतरु (श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, प्रयाग द्वारा प्रकाशित), पृष्ठ- 2
1. 2.महंत लालपुरी, 'श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एवं दशनाम नागा संन्यासियों का संक्षिप्त परिचय' (हरिद्वार: श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, कनखल, 1988), पृष्ठ-7
2. पीटर वान डर वीर, 'गाड मस्ट बी लिब्रेटेड' : ए हिंदू लिबरेशन मूवमेंट इन अयोध्या; मॉडर्न एशियन स्टडीज, भाग 21(2), 1987, पृष्ठ-288
3. वही, पृष्ठ-288

4. वही, पृष्ठ–288
5. लालपुरी (पूर्वोक्त), पृष्ठ–7–20
6. लालपुरी (पूर्वोक्त), पृष्ठ–7
7. जदुनाथ सरकार, 'हिस्ट्री आफ दशनामी नागा संन्यासीज'(इलाहाबाद: श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, दारागंज, 1950), पृष्ठ–87–88
8. इंडियन ऐंटीक्वेरी (1907), पृष्ठ–61; एच0 आर0 गुप्ता – मराठाज ऐंड पानीपत' (चंडीगढ, 1961), पृष्ठ–88
9. हरेंद्र प्रताप सिन्हा, 'भारत को प्रयाग की देन' (इलाहाबाद, 1953), पृष्ठ–46
10. 11. वही, पृष्ठ–46–47
11. 12. एच0 आर0 नेविल– 'फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट गजेटियर' (1905), पृष्ठ–61
12. 13. फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट गजेटियर (पूर्वोक्त), पृष्ठ–61
13. 14. फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट गजेटियर (पूर्वोक्त), पृष्ठ–60–61
14. 15. हरेन्द्र प्रताप सिन्हा, 'भारत को प्रयाग की देन', पृष्ठ–37
15. 16. वही, पृष्ठ–37–38

**Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal**
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# हिन्दी वर्णमाला के उद्भव में पाणिनीय प्रभाव

डॉ लेखराम दन्नाना
सहायक आचार्य , संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**

Volume 7, Issue 1
**Page Number :** 51-57

**Publication Issue :**
January-February-2024

**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**अभिसंक्षिप्तिका :-** समाज, संस्कृति एवं साहित्य की परिपोषक जो भाषाएँ हैं, भारत उन भाषाओं का भण्डार है। भारत में अनेक भाषाएँ हैं, जिनको हम भारतीय भाषा की संज्ञा देते हैं, अत: भारत एक बहुभाषी देश है । पाश्चात्य विद्वानों ने इसे भाषा परीक्षण की प्रयोगशाला तक कहा है । जहाँ उत्तर की ओर हिन्दी, उर्दु, पंजाबी, कश्मीरी इत्यादि भाषाओं का प्रयोग होता है , वहीं दक्षिण की ओर द्रविड़ परिवार की तमिल, तेलुगु, कन्नड, मलयालम आदि भाषाओं का प्रयोग होता है । ऐसे ही पश्चिम पूर्व और मध्य देश में विभिन्न भाषाओं एवं विभाषाओं का प्रयोग दिखाई देता है । जैसे- गुजराती, मराठी, बंगला, असमिया, उडिया, मणिपुरी इत्यादि। भारत जो भाषा प्रयोगशाला के रूप में जाना जाता है, उस भाषा प्रयोगशाला का आधार संस्कृत भाषा है । संस्कृत भाषा एक विशिष्ट भाषा है, जिसने भारत को स्वर्णिम चिड़िया की संज्ञा दिलायी है । जिसने संस्कृति को जीवित रखा है, जिसने साहित्य को मूर्धन्य स्थान दिया है, साहित्य को उस शिखर तक पहुँचाया है जिस शिखर से सभी ज्ञान अर्जित कर लाभान्वित हो रहे हैं । संस्कृत का व्याकरणिक पक्ष सुदृढ़ है जिससे अन्य भाषाओं के व्याकरण को भी सुदृढ़ता मिलती है । संस्कृत व्याकरण से प्राय: प्रत्येक भारतीय एवं वैदेशिक भाषाएं प्रभावित हुई हैं । भारतीय भाषाओं में हिंदी के ऊपर विशेष रूप से प्रभाव परिलक्षित होता है । हिंदी के प्रत्येक व्याकरणिक तत्त्व पर पाणिनीय व्याकरण का प्रभाव दिखाई पड़ता है । पाणिनीय व्याकरण का हिंदी वर्णमाला पर जो विशिष्ट प्रभाव है, वह इस आलेख में प्रस्तुत है ।

**संकेत शब्द :** व्याकरण, सूत्र, वर्णमाला, स्थान, प्रयत्न, मात्रा ।

संस्कृत एक प्राचीनतम अनुशासित एवं परिपक्व भाषा है । यह सर्वविदित है कि संस्कृत विश्व के अनेक भाषाओं की जननी है । संस्कृत भाषा में अनेक शास्त्रों का समावेश है जिनसे संस्कृत भाषा एवं संस्कृत वाङ्मय प्रपूरित होता है । दर्शन, साहित्य, ज्योतिष, अलंकार, धर्म, नाट्य, तथा व्याकरण आदि अनेक शास्त्र विद्यमान हैं । विद्यमान शास्त्रों की श्रृङ्खला में व्याकरण शास्त्र का विशिष्ट स्थान है । "**मुखं व्याकरणं स्मृतम्**" महाभाष्यकार पतञ्जलि के उपर्युक्त कथनानुसार व्याकरण को शास्त्रों का मुख रूप कहा जाता है । व्याकरण जिससे शब्दों की व्युत्पत्ति जानी जा सके, शब्दों की प्रकृति, धातु, प्रत्यय आदि विश्लेषण

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

जाना जा सके एवं शब्दों का सुचारु रूप से प्रयोग जाना जा सके । अत: **व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दा अनेन इति व्याकरणम्** इस प्रकार की परिभाषा वैयाकरणों ने परिभाषित की है।

संस्कृत व्याकरण के बहुत सारे वैयाकरणों ने अपने अपने व्याकरण ग्रन्थ रचे हैं, परन्तु उनमें सबसे ज्यादा प्रसिद्धि प्राप्त व्याकरण ग्रन्थ पाणिनि कृत अष्टाध्यायी है । यह एक विशिष्ट शैली में रचा हुआ व्याकरण ग्रन्थ है, जिससे संस्कृत व्याकरण सम्यक् रूप से अनुशासित होते हुए परिपक्वता को प्राप्त हुआ है । अष्टाध्यायी ग्रन्थ में कुल आठ 8 अध्याय हैं जो कि इसके नाम से ही स्पष्ट ज्ञात होता है । प्रत्येक अध्यायों में चार-चार पाद हैं और सम्पूर्ण अध्यायों में लगभग 3995 सूत्र हैं । इन सूत्रों में सम्पूर्ण संस्कृत भाषा को सुगमता से माला में फूलों के सदृश पिरो दिया है एवं वैज्ञानिक शैली, सांस्कृतिक शैली, प्रोग्रामिक शैली इस ग्रन्थ में झलकती है ।

संस्कृत में सूत्र ग्रन्थों का विस्तृत रूप रहा है । सूत्र अर्थात् संक्षिप्तता से समग्र विषय का कथन । सूत्र की परिभाषा एक श्लोकानुसार –

**अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् विश्वतो मुखम् ।**

**अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः ।।**

सूत्र किसे कहते हैं? सूत्र की वस्तुनिष्ठता के लिए क्या – क्या आवश्यक हैं ?यह इस श्लोक में कथित है, जैसे –

- अल्पाक्षरम् – अल्प अक्षरों में निर्मित
- असन्दिग्धम् – सन्देह रहित
- सारवत् – निष्कृष्ट अर्थ का प्रकाशक
- विश्वतोमुखम् – अनुवृत्ति अपकर्षादि द्वारा पूर्व और पर से संगतार्थ का द्योतक ।
- अस्तोभम् – अवरोध रहित । अपने सम्पूर्ण लक्ष्यस्थल में व्यापक ।
- अनवद्यम् – दोष रहित, (अव्याप्ति, अतिव्याप्ति, असम्भवादि त्रिदोषों से रहित)

अर्थात् जो अल्पाक्षरों में निर्मित है, सन्देह रहित है, निष्कृष्ट अर्थ का प्रकाशक है, अनुवृत्ति अपकर्षादिद्वारा पूर्व और पर के संगतार्थ का द्योतक है, अवरोध रहित है- अर्थात् अपने सम्पूर्ण लक्ष्य स्थल में व्यापक है, त्रिदोष – अव्याप्ति, अतिव्याप्ति, असम्भवादि दोषों से रहित है वह सूत्र है । सूत्र की परिभाषा वाचस्पति मिश्र जी ने भामती टीका में इस प्रकार की है –

**लघूनि सूचितार्थानि स्वल्पाक्षरपदानि च ।**

**सर्वतः सारभूतानि सूत्राण्याहुर्मनीषिणः ।।**

अर्थात् जो लघु होते हैं, अर्थ को सूचित करने वाले होते हैं, स्वल्पाक्षर एवं स्वल्प पदों वाले होते हैं, सारभूत होते हैं उनको मनीषी गण सूत्र कहते हैं । वार्तिककार कात्यायन ने भी सूत्र की परिभाषा देते हुए लिखा है –

**अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद् गूढनिर्णयम् ।**

**निर्दोषं हेतुमत् तथ्यं सूत्रमित्युच्यते बुधैः ।।**

अल्पाक्षर हो, असन्दिग्ध हो, सारवत् हो, गूढ निर्णय करने वाला हो, निर्दोष हो, हेतुमत् हो वह सूत्र कहलाता है ।

इस सूत्र संज्ञा से सम्बोधित तथ्य को पाणिनि के व्याकरण में छ: प्रकार से देखा जा सकता है –

**संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च ।**

**अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रलक्षणम् ।।**

अर्थात् सूत्र छ: प्रकार के होते हैं – संज्ञा सूत्र. परिभाषा सूत्र, विधि सूत्र, नियम सूत्र, अतिदेश सूत्र, एवं अधिकार सूत्र ।

- संज्ञा सूत्र – संज्ञा और संज्ञी का बोध कराने वाले सूत्र संज्ञा सूत्र हैं, जैसे – **अदेङ् गुण:**, यहाँ अदेङ् संज्ञी गुण: संज्ञा ।
- परिभाषा सूत्र – अनियमावस्था में नियम स्थापन करने वाला परिभाषा सूत्र कहलाता है , जैसे – **षष्ठी स्थानेयोगा** ।
- विधि सूत्र – कार्यादि विधान करने वाला विधि सूत्र है, जैसे – **इको यणचि** ।
- नियम सूत्र – प्राप्त विधि का नियमन करने वाला नियम सूत्र होता है, जैसे – **रात्सस्य** ।
- अतिदेश सूत्र – अन्य धर्म को अन्यत्र आरोपित करना अतिदेश है, जैसे – **स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ** ।
- अधिकार सूत्र – उत्तरोत्तर गमन करने वाला अधिकार सूत्र कहलाता है, जैसे – **कारके**, **धातो**: इत्यादि । इन छ: प्रकार के सूत्रों को अच्छी प्रकार जान लेने से व्याकरण सुगमता से समझा जा सकता है । प्रत्येक सूत्र को जानने की विधि कुछ इस प्रकार है –

**पदच्छेद: पदार्थोक्ति: विग्रहो वाक्ययोजना ।**

**आक्षेपोऽथ समाधानं व्याख्यानं षड्विधं मतम् ।।**

सूत्र की व्याख्या या सूत्र के समझने के लिए ये छ: लक्षण क्रमश: अत्यन्त आवश्यक हैं।

- पदच्छेद – अर्थात् पदविभाग ।
- पदार्थोक्ति – अर्थात् विभक्ति का ज्ञान तथा पदों का अर्थ विश्लेषण ।
- विग्रह – सूत्र में प्रयुक्त समस्त पदों का विश्लेषण । व्युत्पत्ति लभ्य अर्थ को ज्ञापन करने के लिए विग्रह कथन ।
- वाक्ययोजना – अर्थात् अधिकार अनुवृत्ति आदि से पदों को जोडकर अर्थ सिद्ध करना ।
- आक्षेप – अर्थात् पूर्वपक्ष तथा सूत्र में विद्यमान शङ्का ।
- समाधान – उत्तरपक्ष तथा प्रश्न का उत्तर ।

इस प्रक्रिया से पूर्व शुद्ध शब्दों के उच्चारण के लिए पाणिनि ने पाणिनीय शिक्षा का निर्माण किया । जिसको आधार मानकर ही हिन्दी व्याकरण का जन्म हुआ है और उसकी प्रोन्नति भी पाणिनीय प्रणाली के आधार पर ही देखी जा सकती है ।

हिंदी एक सरल एवं सुगम भाषा है । आजकल भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी हिंदी भाषा का अध्ययन किया जाता है । हिंदी भाषा अन्य भाषाओं से शब्दों को सरलता से ग्रहण कर लेती है । यह शब्द ग्राह्यता ही हिंदी के सौंदर्य को वर्धित करता है । हिंदी भाषा का साहित्य पक्ष तो अत्यंत समृद्ध है ही व्याकरण पक्ष भी सुदृढ़ है । व्याकरण पक्ष सुदृढ़ होने कारण है उसके आधारभूमि के रूप में संस्कृत व्याकरण का होना ।

**हिन्दी-व्याकरण के अनुसार वर्णमाला की परिभाषा**– किसी भाषा के समस्त वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं । हिन्दी–व्याकरण के अध्ययन के लिये हिन्दी की मानक वर्णमाला का ज्ञान प्राथमिक है, जो कि सबसे अधिक प्रचलित और प्राचीन वर्गीकृत स्वर एवं व्यञ्जन में मिलता है ।

**स्वर –** स्वर उन ध्वनियों को कहते हैं जो कि स्वयं उच्चरित होते हैं । तद्यथा **स्वयं राजन्ते इति स्वरा:**[i] इति ।

**व्यञ्जन** – व्यञ्जन उन ध्वनियों को कहते हैं जो स्वरों की सहायता से उच्चरित होते हैं । तद्यथा **अन्वग्भवति व्यञ्जनम्**[ii] इति ।

**वर्णमाला-** हिन्दी की वर्णमाला के अन्तर्गत 13 स्वर एवं 33 व्यञ्जन हैं, इसके अतिरिक्त अनुस्वार, विसर्ग और चन्द्रबिन्दु ये कुल मिलाकर 49 वर्णसमूह मिलता है ।

संस्कृत–वर्णमाला के अन्तर्गत **त्रिषष्टि वर्णा:**[iii] कुल 63 वर्ण वर्णोच्चारणशिक्षा में निर्दिष्ट हैं ।

हिन्दी में व्यञ्जन–समूह के लिये कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, पवर्ग आदि व्यवहार होता है, संस्कृत–व्याकरण में कु, चु, टु, तु, पु का व्यवहार प्रसिद्ध है । इन कु, चु, टु, तु  का ही विकृत रूप है कवर्ग, चवर्गादि । जैसे कि पाणिनि ने – **कुहोश्चु:**[iv], **चुटू**[v], **चो: कु:**[vi], **ष्टुना ष्टु:**[vii] आदि प्रयोग करके **अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्यय:**[viii] इस सूत्र के द्वारा उदित् निर्देश से उनके सवर्णी का ग्रहण बताया है । सवर्णी का तात्पर्य है समान वर्णों का समूह , जैसे कि क, ख, ग, घ, ङ इन वर्णों में समानता देखे जाने से कु इतना मात्र उच्चारण से वह पाँच वर्णों का वर्ण समूह जाना जाता है, जिसे कि हिन्दी में वर्ग कहा जाता है अत: कवर्ग चवर्गादि व्यवहार हिन्दी में प्रसिद्ध है ।

**उच्चारण स्थान के आधार पर-** वर्ण का उच्चारण करते समय , श्वास वायु मुख के जिस अवयव से टकराती है, उसे वर्ण का उच्चारण स्थान कहते हैं । जैसे-  कण्ठ्य, तालु, मूर्धा, ओष्ठ्य, दन्त, नासिका । इन वर्ग समूह का जो स्थान निर्देश हिन्दी व्याकरण में है वो पाणिनि के संस्कृत–व्याकरण में भी लगभग समान ही मिलता है । स्थान – निर्देश करते हुए पाणिनि का वचन है –

**अष्टौ स्थानानि वर्णानामुर: कण्ठ: शिरस्तथा ।**
**जिह्वामूलश्च दन्ताश्च नासिकोष्ठौ च तालु च**[ix] ।।

1. **कण्ठ्य -** कण्ठ से उच्चरित ध्वनियों को कण्ठ्य ध्वनियाँ कहते हैं, जैसे – क, ख, ग, घ, ङ और विसर्ग तथा अ, आ स्वर भी कण्ठ्य हैं । ह के उच्चारण के लिये हिन्दी–व्याकरण के अन्तर्गत काकल्य ध्वनि स्थान का निर्देश है किन्तु संस्कृत–व्याकरण में तो ह को भी कण्ठ्य ही माना गया है, जैसे- **अकुहविसर्जनीया: कण्ठ्या: –** पाणिनिशिक्षा ।
2. **तालव्य -** जिस ध्वनि का उच्चारण तालु से किया जाता है, जैसे- च, छ, ज, झ, ञ, य, श तथा इ, ई। तत्सम संस्कृत–व्याकरण में **इचुयशानां तालु** – पाणिनीयशिक्षा ।
3. **मूर्धन्य** – जिन ध्वनियों का उच्चारण मूर्धा की सहायता से किया जाता है, इसमें टवर्ग तथा र, ष ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं । संस्कृत–व्याकरण में पाणिनिशिक्षा का सूत्र है – **ऋटुरषाणां मूर्धा**[x] ।

4. **दन्त** - दाँत की सहायता से उच्चरित ध्वनियाँ दन्त्य हैं, इसमें जिह्वाग्र या जीभ के नोंक की सहायता ली जाती है । हिन्दी के त, थ, द, ध दन्त्य हैं । न एवं ल को **वत्स्र्य** कहा है । वत्स्र्य मतलब मसूडे की सहायता से उत्पन्न जो ध्वनि । ल को हिन्दी–व्याकरण के अन्तर्गत **पाश्विक व्यञ्जन** भी कहा जाता है । संस्कृत में न और ल दोनों वर्णों को दन्त्य वर्ण के अन्तर्गत ही अन्तर्भूत कर लिया जाता है, सूत्र है– **लृतुलसानां दन्त्याः** ।
5. **दन्तोष्ठ्य** - जिनका उच्चारण ऊपर के दाँत और नीचे के होंठ की सहायता से होता है । हिन्दी–व्याकरण के अन्तर्गत व एवं फ दन्तोष्ठ्य वर्ण हैं, किन्तु संस्कृत–व्याकरण में केवल वकार को दन्तोष्ठ्य माना है, इसमें फ को भी ओष्ठ्य ही माना है, जैसे कि पाणिनीयशिक्षा का सूत्र है – **वकारो दन्त्योष्ठौ**[xi] ।
6. **ओष्ठ्य** - जिनका उच्चारण दोनों होठों से हो, जैसे– प, फ, ब, भ, म इन्हें ओष्ठ्य कहते हैं । पाणिनीयशिक्षा में कहा है– **उपूपध्मानीयानां ओष्ठ्याः** ।
7. **कण्ठोष्ठ्य** - कण्ठ से जीभ और होठों के कुछ स्पर्श से बोली जाने वाली ध्वनि जैसे – ओ एवं औ । इसी को पाणिनि कहते हैं – **ओदौतौ कण्ठ्योष्ठौ**[xii] ।
8. **कण्ठतालु** - कण्ठ से जीभ और तालु के कुछ स्पर्श से बोली जाने वाली ध्वनि जैसे– ए एवं ऐ । इसी को पाणिनि कहते हैं – **एदैतौ कण्ठ्यतालु**[xiii] ।
9. **जिह्वामूलीय** – जिन ध्वनियों का उच्चारण जिह्वा के मूल या अन्तिम भाग से किया जाता है वे जिह्वामूलीय ध्वनियाँ हैं, इनका प्रयोग हिन्दी में नहीं देखा जाता है किन्तु संस्कृत–व्याकरण में इनका प्रयोग होता है ।
10. **अनुनासिक** - जिन ध्वनियों का उच्चारण नासिका मार्ग से किया जाता है । उन ध्वनियों को अनुनासिक कहा जाता है । अनुनासिक का चिह्न (ँ)चन्द्र बिन्दु है । अनुनासिक व्यञ्जन होता है । प्रत्येक वर्ग का पञ्चम वर्ण ङ, ञ, ण, न, म । इसी को पाणिनीयशिक्षा में पाणिनि कहते हैं– **ङञणनमाः स्वस्थान-नासिकास्थानाः**[xiv] ।

**संयुक्त वर्ण** – क्ष, त्र, ज्ञ आदि जैसे हिन्दी वर्णमाला के अन्तर्गत देखे जाते हैं, वैसे संस्कृत–व्याकरण में भी इनका प्रयोग होता है ।

**मात्रा** - किसी भी स्वर के उच्चारण में लगने वाले समय की नाप को मात्रा कहते हैं । जिसे संस्कृत–व्याकरण में काल या मात्रा पद से सम्बोधित किया जाता है जैसे– एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक । हिन्दी में एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक के लिये जैसे ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत का प्रयोग होता है ठीक उसी तरह संस्कृत में भी ये प्रयोग किये जाते हैं । तद्यथा–

**एकमात्रो भवेत् ह्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्यते ।**

**त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयः व्यञ्जनं चार्धमात्रकम्**[xv] ।।

अष्टाध्यायी में इसके लिये सूत्र लिखा है पाणिनि ने– **ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः**[xvi](1–2–27) । इस सूत्र से संस्कृत–व्याकरण में एकमात्रिक की ह्रस्व, द्विमात्रिक की दीर्घ, त्रिमात्रिक की प्लुतसंज्ञा प्रसिद्ध है।

**ह्रस्वार्ध** - हिन्दी व्याकरण के अन्तर्गत ह्रस्वार्ध का भी प्रयोग देखा जाता है किन्तु संस्कृत–व्याकरण में ह्रस्वार्ध का प्रयोग नहीं मिलता है । भाष्यकार पतञ्जलि ने भी इसका निषेध किया है ।

**ध्वनियों के वर्गीकरण के आधार पर हिन्दी में मुख्य रूप से 6 विभाग देखे जाते हैं -**

1. प्रयत्न के आधार पर
2. उच्चारण के आधार पर
3. संयुक्त व असंयुक्त के आधार पर
4. स्थान के आधार पर
5. ह्रस्वता व दीर्घता के आधार पर
6. प्राणत्व के आधार पर

**प्रयत्न के आधार पर** - ध्वनि को उच्चारित करने के लिये ओष्ठ–ताल्वादिस्थानों का श्वासादि का जो प्रयास होता है उसे प्रयत्न कहते हैं । संस्कृत व्याकरण में पाणिनीयशिक्षा में दो प्रकार के प्रयत्नों का निर्देश किया गया है – **प्रयत्नोऽपि द्विविधः, आन्तरिकं बाह्यश्च**[xvii] । उसी प्रकार हिन्दी व्याकरण में भी दो प्रयत्न बताये हैं – आन्तरिक एवं बाह्य[xviii] ।

बाह्य प्रयत्न के अन्तर्गत स्वरों के उच्चारण के **सानुनासिक** एवं **निरनुनासिक** के भेद से 2 प्रकार के भेद देखे जाते हैं उसी प्रकार संस्कृत में भी इनका श्रवण होता है । बाह्य प्रयत्न के आधार पर ही व्यञ्जन ध्वनियों के भी दो भेद **घोष** एवं **अघोष** उभयत्र समान मिलते हैं ।

आभ्यन्तर प्रयत्न के आधार पर जिस प्रकार से हिन्दी व्याकरण में भेद निर्दिष्ट हैं ठीक उसी प्रकार प्रकार संस्कृत में भी निर्दिष्ट हैं । यथा– **संवृत, अर्धसंवृत, अर्धविवृत विवृत** । अर्धसंवृत एवं अर्धविवृत को ही संस्कृत व्याकरण में ईषत्संवृत एवं ईषत् विवृत कहा जाता है ।

अनुनासिक व्यञ्जन के नाम से हिन्दी व्याकरण में ङ, ञ, ण, न, म जाने जाते हैं । संस्कृत–व्याकरण में **मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः**[xix] इस सूत्र के द्वारा इन्हीं वर्णो की अनुनासिक संज्ञा बतायी गयी है ।

इस प्रकार हिन्दी भाषा का व्याकरण पूर्णतः पाणिनीय व्याकरण से सम्बद्ध है या आधृत है । जिस भाषा का व्याकरण ही पाणिनीय प्रणाली पर आधारित हो तो यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि तत्प्रणाली से हिन्दी भाषा पोषित एवं प्रोन्नति को प्राप्त है । पाणिनीय व्याकरण के जानने के पश्चात् हिंदी भाषा के व्याकरणिक नियमों का जानना अत्यंत सरल हो जाता है।

**संदर्भ सूची**

[i] पाणिनीयशिक्षा
[ii] पाणिनीयशिक्षा
[iii] वर्णोच्चारणशिक्षा
[iv] अष्टाध्यायी सू.सं. 7.4.62
[v] अष्टाध्यायी सू.सं. 1.3.7
[vi] अष्टाध्यायी सू.सं. 8.2.30
[vii] अष्टाध्यायी सू.सं. 8.4.41
[viii] अष्टाध्यायी सू.सं. 1.1.69

ix पाणिनीयशिक्षा 94

x पाणिनीयशिक्षा

xi पाणिनीयशिक्षा

xii पाणिनीयशिक्षा

xiii पाणिनीयशिक्षा

xiv पाणिनीयशिक्षा

xv पा. शि. 92

xvi अष्टाध्यायी सू.सं. 1.2.27

xvii वर्णोच्चारणशिक्षा

xviii हिन्दी भाषा शिक्षण

xix अष्टाध्यायी सू.सं. 1.1.8

**परिशीलित ग्रन्थ सूची**

1. अष्टाध्यायी, आचार्य पाणिनि, रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत, हरियाणा ।
2. पाणिनीयधातुपाठः, आचार्य पाणिनि ,रामलाल कपूर ट्रस्ट, सोनीपत, हरियाणा 1985 ।
3. पाणिनीय शिक्षा , आचार्य शिवराज कौन्दिनायन,चौखम्भा विद्या भवन, वाराणसी. उत्तरप्रदेश ।
4. वर्णोच्चारणशिक्षा, दयानन्द सरस्वती , रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत, हरियाणा ।
5. संस्कृत एवं संस्कृति, डॉ. राजेंद्र प्रसाद,प्रभात प्रकाशन,दिल्ली ।
6. भाषिकी और संस्कृत भाषा, डॉ. देवीदत्त शर्मा, हरियाणा साहित्य अकादमी, चण्डीगढ़,हरियाणा ।
7. हिंदी भाषा शिक्षण, भाई योगेन्द्र जीत, विनोद पुस्तक मंदिर ,आगरा, उत्तरप्रदेश ।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# कृषक श्रमिको का समाजशास्त्रीय अध्ययन
## (रीवा जिले में जवा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम जनकहाई के संदर्भ में)

**डॉ. शाहेदा सिद्दीक़ी**
प्राध्यापक,समाजसास्त्र,
शास. ठाकुर रणमत सिंह (स्वशासी ) महाविद्यालय रीवा (म0प्र0)

**सीमा पटेल**
शोधार्थी, समाजशास्त्र,
शास. ठाकुर रणमत सिंह (स्वशासी) महाविद्यालय रीवा (म0प्र0)

**Article Info**
Volume 7, Issue 1
Page Number : 39-47

**Publication Issue :**
January-February-2024

**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**सारांश :–** भारत एक विकासशील एवं कृषि प्रधान राष्ट्र है। जहाँ पर कुल आबादी का लगभग 75 प्रतिशत भाग कृषि कार्यों पर आश्रित है। आज विश्व में प्रत्येक राष्ट्र विकास के चरम स्तर को प्राप्त करना चाहता है। इसके लिये विकासशील राष्ट्रों के सभी क्षेत्रों में चहुमुखी उन्नति की लक्ष्य सामने रखकर विकाश के सोपानों को स्पर्श करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत कृषि मानसून की कृपा पर ही निर्भर है कभी अधिक वर्षा, कभी कम, वर्षा ओले तो कभी सूखा इत्यादि परिस्थितियों के कारण भारतीय कृषि निरन्तर प्रभावित रहती है। इसी वजह से कृषि उत्पादन में कमी हुई इसके कारण हमारे राष्ट्र के अधिकांश नागरिक गरीब एवं कमजोर है। इसी कारण से देश में आतंक, लूट, हत्या, चोरी, डकैती, विवाद इत्यादि वारदात होती है।

**मुख्य शब्द** : कृषक श्रमिक, सामाजिक स्थिति, कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था।

प्रस्तावना :– भारत एक कृषि प्रधान देश है। कृषि केवल जीविकोपार्जन का साधन नही अपितु देश की सभी गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु है। यह भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसका महत्व इसलिये अधिक है क्योंकि यह राष्ट्रीय आय का मुख्य स्त्रोत है। राष्ट्रीय आय में 50 प्रतिशत कृषि का भाग है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

80 प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने का साधन है। अनेक उद्योग–धन्धों का मूलाधार है। देश की सौ करोड़ आबादी के लिये खाद्यान्नों की पूर्ति का साधन है। प्रति वर्ष 400 करोड़ रूपये की आमदनी भू–राजस्व एवं कृषि आयकर के रूप में प्राप्त होती है।

विदेशी व्यापार–आयात में महत्वपूर्ण घटक है। पशुपालन व्यवसाय में कृषि का अपूर्ण योगदान होता है, सरकार के बजट पर महत्वपूर्ण प्रभावशाली, राजनैतिक स्थिरिता और आर्थिक विकास में सहयोग देता है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत में देश को महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में सहायक है।

कृषि आत्म निर्भरता कि ऐसी स्थिति है, जिसमें कोई देश अपने निवासियों के लिये पर्याप्त खाद्यान्न का उत्पादन करने में पूर्णतः सक्षम हो। स्वदेशी कृषि उद्योगों के लिये कच्चा माल अन्य किसी देश से न आयात किया जाये। कृषि अधिकांश लोगों की जीविका का साधन है। फिर भी भारत में यह परम्परागत और पिछड़ी स्थिति में है, जिसे अब मशीनीकृत के माध्यम से उन्नत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

भारत में कृषि के पिछड़ेपन के अनेक कारण हैं, जो कृषि की वर्षा पर निर्भर रहता है, तथा सिंचाई के पर्याप्त साधन का नहीं होना है, क्योंकि आधुनिक खाद्य बीज, उपकरणों आदि के उपयोग का अभाव होता है, कृषकों की ऋण ग्रस्तता और पर्याप्त कृषि साख का उपलब्ध न होना तथा अविकसित कृषि–भूमि कृषि के लिये भू–स्वामित्व एवं भू–धारण नियम विधान की कमियाँ कृषि एवं ग्रामीण–विकास हेतु पंचवर्षीय योजनाओं का लाभ पूरी तरह कृषकों तक न पहुँच पाना है। लाभकारी एवं व्यावसायिक वस्तुओं का कम उत्पादन विद्युत आपूर्ति की कमी कृषि उपज से संबंधित उद्योगों का अल्प–विकसित होना ये सब कृषि समस्या का कारण है। कृषि उपज से सम्बन्धित उद्योगों का अल्प–विकसित होना तथा कृषि उपज विपणन में बाधायें जहाँ किसान मण्डी में अपनी उपज बेचने जाते हैं वहाँ उचित ढ़ंग से मूल्य निर्धारण न होने से भी किसानों का नुकसान होता है।

थामस के अनुसार "श्रम से शरीरिक व मस्तिष्क के उन समस्त मानवीय प्रयासों का बोध है, जो कि परिश्रम पाने की आशा से किये जाये।"

इस प्रकार श्रमिक मानवीय प्रयासों से संबंधित है, ये प्रयास शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के हो सकते हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य शारीरिक या मानसिक लाभ प्राप्त करना होता है। यह लाभ शारीरिक मानसिक लाभ अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष पूर्णतः या शाब्दिक किसी भी रूप में हो सकता है।

**अध्ययन की अवधारणा :–**

मनुष्य एक जिज्ञासु प्राणी है और उसे कुछ न कुछ जानने की इच्छा और जिज्ञासा बनी रहती है। इसी जिज्ञासु के कारण वह कुछ न कुछ सोचने विचारने और खोजने में अपना समय लगाता रहता है। चूँकि मेरा उद्देश्य कृषक श्रमिकों का समाज शास्त्रीय अध्ययन है। प्रस्तुत शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया है कि रीवा जिलें के जनकहाई गाँव के कृषक श्रमिकों के आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक एवं पारिवारिक स्थिति को जानने का प्रयास किया गया है।

**शोध के उद्देश्य :–**

1. कृषक श्रमिकों की परिवारिक स्थिति को जानना।
2. कृषक श्रमिकों की वैवाहिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना।
3. कृषक श्रमिकों के रहन–सहन एवं आवासीय व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
4. कृषक श्रमिकों के आर्थिक राजनैतिक, व्यवहारिक एवं सामाजिक समस्याओं का अध्ययन करना।

**शोध के परिकल्पनाएँ –**

1. कृषि श्रमिकों की वैवाहिक स्थिति अपेक्षानुसार सामान्य जीवन–यापन कर रहे हैं।
2. कृषि श्रमिकों के रहन–सहन एवं आवासीय व्यवस्था अच्छी है।
3. कृषि श्रमिकों के सामाजिक समस्याओं में आर्थिक राजनैतिक, व्यवहारिक एवं सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
4. कृषि श्रमिकों के पारिवारिक एवं व्यवहारिक जीवन का स्तर अच्छा है।
5. कृषि श्रमिकों के आर्थिक जीवन में कृषि से संबंधित उद्योग एवं अन्य उद्योगों को मिलजुल कर पूरा करते हैं।

**अध्ययन क्षेत्र का परिचय**

किसी भी समस्या का विस्तृत अध्ययन करने के लिये किसी न किसी क्षेत्र या सीमा में बंधकर अध्ययन किया जा सकता है। अध्ययन करते समय बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिर भी अध्ययनकर्ता इन सारी कठिनाइयों की परवाह न करते हुये अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने में तत्पर रहता है। इन उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिये वह एक क्षेत्र का चुनाव करता है, जिसमें उस क्षेंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

प्रस्तुत अध्ययन के लिये मैंने रीवा जिले के अन्तर्गत ग्राम जनकहाई विकासखण्ड जवा को चुना है।

## पूर्व में किए गए कार्यों की संक्षिप्त समीक्षा

**ब्रिजेन्द्र पाल सिंह (2000)** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है। इसके विकास से अर्थव्यवस्था में दृढ़ता आती है। राष्ट्रीय आय में इसका योगदान 34 प्रतिशत के आसपास है। गत वर्षो में खाद्यान तथा व्यावसायिक फसलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषि उत्पादन को प्रभावित करने वाले तत्वों में प्राकृतिक और आर्थिक दोनो महत्वपूर्ण है। विगत दो–तीन दशकों में भारत में द्वितीयक क्षेत्र एवं तृतीयक क्षेत्र को तीव्र गति से विस्तार हुआ है प्रभावी देश की कार्यशील जनसंख्या का 52 प्रतिशत प्राथमिक क्षेत्र पर आश्रित है। देश में कृषि 115.5 मिलियन कृषक परिवारों की आजीविका का माध्यम है। यहाँ तक कि सकल राष्ट्रीय उत्पाद का लगभग 15 प्रतिशत भाग कृषि व उसकी सहायक क्रियाओं से प्राप्त होता है। भारत में अनेक महत्वपूर्ण उद्योग प्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर देश की 1.21 अरब से अधिक जनसंख्या के खाद्यान व खाद्य पदार्थो की आपूर्ति कृषि क्षेत्र से ही की जाती है। करोड़ों पशुओं को प्रतिदिन चारा कृषि क्षेत्र से ही प्राप्त होता है।

**डॉ. आर.के. भारतीय (2006)** भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लघु तथा सीमांत कृषकों खेतिहर मजदूरों तथा अन्य श्रमिकों, शिल्पियों, व्यवसायिक एवं सेवा करने वाले परिवारों का ही बाहुल्य है। परन्तु आज भी इनमें से अधिकांश परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं! अतः यह कहा जा सकता है कि भारत का समाजिक एवं आर्थिक विकास ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी विकास पर ही आधारित है। ग्रामीण विकास की अनेकोनेक समस्याएं जिनमें प्रमुख रूप से आर्थिक अधोसंरचना, कृषि, लघु एवं कुटीर उद्योग व समान्वित विकास की समस्याएं है!

**फैरिंगटन और जेम्स (2000)** द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ कि विविधीकरण अक्सर अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों में आजीविका का प्रमुख विशेषताओं में से कुछ जोखिम को कम करने के साथ जुड़ा है। भारत में गरीब किसान अपनी आजीविका कमाने के लिए विविध तरीकों पर चर्चा करते हैं कि कैसे वाटर शेड विकास परियोजनाओं अल्पकालिक रोजगार, वानिकी, चारागाह विकास, पशुधन विकास और सूक्ष्म उद्यम विकास के माध्यम से विविधीकरण समर्थन करते है।

**एस.महेन्द्र देव (2012)** कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था में एक निर्णायक भूमिका निभाता है अपने योगदान सकल हालांकि घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भारतीयों को 56 प्रतिशत रोजगार प्रदान करता है। ग्रामीणों में कृषि के विकास से इस क्षेत्र में आय की वृद्धि हुई है। कुछ वाणिज्यिक फसलों का विकास कृषि जिंसों के निर्यात को बढ़ावा देने और कृषि आधारित उद्योगों के तेजी से विकास लाने की महत्वपूर्ण क्षमता है। इस प्रकार कृषि अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिये योगदान देता है।

## अध्ययन विधि :–

कोई भी सर्वेक्षण तभी सफल हो पाता है, जब उस कार्य को करने का तरीका वैज्ञानिक हो, "कृषक श्रमिकों की समाजशास्त्रीय अध्ययन" (रीवा जिलें के ग्राम पंचायत जनकहाई पर आधारित) इस अध्ययन के लिये मुझे भी वैज्ञानिक तरीका अपनाना होगा।

अध्ययन के लिये ग्राम जनकहाई क्षेत्र को चुना है। अध्ययन के लिये 50 परिवारों का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखा गया है कि वे परिवार एक स्तर या एक विचार के न हो। साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से पूछे गये प्रश्नों के विश्लेषण पर शोध पत्र आधारित है।

## पारिवारिक जीवन :–

कृषक श्रमिकों की पारिवारिक एवं व्यवहारिक जीवन का अध्ययन में तालिका के आधार पर वर्गीकृत किया गया है।

अध्ययन में सबसे प्रथम जनकहाई गाँव की कुल आबादी इस प्रकार से है :–

**तालिका क्र. 1**

**वर्गवार विभाजन**

| क्र. | विवरण | वर्गवार | निदर्शन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च वर्ग | 3,000 | 16 | 32 % |
| 2. | मध्यम वर्ग | 1,000 | 17 | 34 % |
| 3. | निम्न वर्ग | 1,000 | 17 | 34 % |
| **योग** | | **5,000** | **50** | **100 %** |

उपर्युक्त तालिका के आधार पर जनकहाई गाँव की कुल जनसंख्या 5,000 हजार है, जिसमें सामान्य वर्ग की जनसंख्या सबसे ज्यादा 3,000 हजार है, मध्यम वर्ग एवं निम्न वर्ग की 1,000 एक–एक हजार है, जिसमें निदर्शन के रूप में कुछ व्यक्तियों का अध्ययन किया गया है, जिसमें सभी वर्गों में से 50 का अध्ययन शामिल है।

कृषक श्रमिकों की पारिवारिक स्थिति तालिका के आधार पर इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है।

**तालिका क्र. 2**

**पारिवारिक विवरण**

| **क्र.** | **विवरण** | **उच्च वर्ग** | **मध्यम वर्ग** | **निम्न वर्ग** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संयुक्त परिवार | 12 | 10 | 8 | 30 | 60 % |
| 2. | एकल परिवार | 7 | 7 | 6 | 20 | 40 % |
| **योग** | | **19** | **17** | **14** | **50** | **100 %** |

तालिका के आधार पर जनकहाई गाँव का परिवारों की स्थिति में संयुक्त परिवार उच्च वर्ग में ज्यादा पाये गये हैं, जिसका मुख्य कारण उनमें शिक्षा का पाया जाना है, मध्यम एवं निम्न वर्ग में क्रमशः कम संयुक्त परिवार 60 % है, जिसमें एकल परिवार क्रमशः एक–एक के अन्तर में है जिसमें 40 % गाँव में एकल परिवार पाये गये हैं। पारिवारिक जीवन में महिलाओं की स्थिति में जनकहाई गाँव के अध्ययन के दौरान इस प्रकार वर्गीकृत है :–

**तालिका क्रमांक–3**

**महिलाओं की स्थिति**

| **क्र.** | **विवरण** | **महिलाओं की स्थिति** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य परिवार | 18 | 36 % |
| 2. | मध्यम परिवार | 18 | 36 % |
| 3. | निम्न परिवार | 14 | 28 % |
| **योग** | | **50** | **100 %** |

उपर्युक्त तालिका के आधार पर जनकहाई गाँव की सामान्य वर्ग में महिलाओं की आर्थिक स्थिति 36 प्रतिशत है तथा मध्यम वर्ग में भी समान है निम्न वर्ग परिवार 28 प्रतिशत सबसे कम है।

परिवारिक जीवन में शिक्षा का अभाव बहुत ज्यादा है जो शिक्षित नागरिक विकास में सहायक होते हैं, शिक्षित व्यक्ति बुराइयों से स्वयं दूर रहता है, शिक्षा का स्तर में तालिका द्वारा प्रदर्शित है :–

**तालिका क्रमांक–4**

**पारिवारिक जीवन में शिक्षा का स्तर**

| **क्र.** | **विवरण** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1. | युवा वर्ग | 20 | 40 % |
| 2. | वयस्क वर्ग | 17 | 35 % |
| 3. | वृद्धि वर्ग | 13 | 25 % |
| **योग** | | **50** | **100 %** |

उपर्युक्त तालिका के आधार पर युवा वर्ग में शिक्षा का स्तर 40 प्रतिशत है तथा वयस्क वर्ग मं 34 प्रतिशत और वृद्धि वर्ग में 25 प्रतिशत यानी सबसे कम वृद्धि वर्ग में शिक्षा का प्रचार–प्रसार कम होने के कारण अशिक्षा का अभाव पाया गया।

पारिवारिक जीवन में महिलाओं की स्थिति में जनकहाई गाँव की शिक्षित एवं अशिक्षित महिलाओं की स्थिति तालिका के आधार पर–

**तालिका क्रमांक – 5**

**महिलाओं में शिक्षा**

| **क्र.** | **विवरण** | **उच्च वर्ग** | **मध्यम वर्ग** | **निम्न वर्ग** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षित महिलायें | 14 | 9 | 7 | 30 | 60 % |
| 2. | अशिक्षित महिलायें | 6 | 7 | 7 | 20 | 40 % |
| **योग** | | **20** | **16** | **14** | **50** | **100 %** |

तालिका के आधार पर शिक्षित महिलाओं में उच्च वर्ग की महिलायें ज्यादा शिक्षित हैं, जबकि मध्यम एवं निम्न वर्ग कम पढ़ी लिखी महिलायें हैं। गाँव के आधार पर 60 प्रतिशत शिक्षित महिलाओं की स्थिति तथा अशिक्षित महिलाओं 40 प्रतिशत है। सर्वेक्षण के आधार पर पाया गया कि सामान्य वर्ग की महिलाओं में शिक्षा का स्तर अधिक पाया गया  है जबकि निम्न वर्ग में शिक्षा का स्तर कम है।

बालश्रम से सम्बन्धित कृषक श्रमिकों में जनकहाई गाँव के 14 वर्ष से कम उम्र के बालश्रम की सबसे ज्यादा अधिकता है, जिसका मुख्य कारण निर्धनता एवं अशिक्षा है, जो बालश्रम को निम्न तालिका द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

**तालिका क्रमांक – 6**

**बालश्रम की स्थिति**

| **क्र.** | **विवरण** | **14 वर्ष से कम** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य वर्ग | 5 | 10 % |
| 2. | मध्यम वर्ग | 20 | 30 % |
| 3. | निम्न वर्ग | 25 | 60 % |
| **योग** | | **50** | **100 %** |

उपर्युक्त तालिका के आधार पर सामान्य वर्ग 10 प्रतिशत, मध्यम वर्ग 30 प्रतिशत तथा निम्न वर्ग 60 प्रतिशत है। सामान्यतः सामान्य वर्ग में बालश्रम आंशिक रूप से होता है, तथा मध्यम वर्ग में परिस्थितियों के कारण बालश्रम निर्भर होता है, जबकि निम्न वर्ग का समुदाय बाल्यकाल से आर्थिक समस्याओं से जूझता रहता जिसके कारण निम्न वर्ग में बालश्रम अधिक रूप में पाया जाता है।

**सुझाव** :–

कृषक श्रमिकों की समाज शास्त्रीय अध्ययन में सुझाव के तौर पर बिन्दुवार समझाने का प्रयास किया गया है :–

1. इन्हें सरकार द्वारा चलाये गये योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर पहुँचाया जाय।
2. यहाँ के कृषक मजदूर प्रायः प्राकृति पर निर्भर है जिसके लिये विद्युत उपकरण, विद्युतीकरण एवं विद्युत आपूर्ति  का साधन मुहैया कराया जाय।
3. सरररकार को ग्रामीण स्तर पर कृषक मजदूर के समस्याओं का कैम्प लगाकर निवारण किया जाय।
4. कृषक मजदूरों को समय–समय पर कृषि के वैज्ञानिक तरीको का जानकारी दी जाय।
5. कृषक श्रमिकों को समय–समय पर उन्नति बीज खाद ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध कराई जाय।
6. कृषक मजदूर प्राय अशिक्षित होते है, जिनको शिक्षा के माध्यम से मजबूत बनाया जाय।

7. कृषक श्रमिकों के पास आर्थिक समस्या बहुत आती है, इसलिये निशुल्क ऋण उपलब्ध कराई जाये।
8. कृषि के माध्यम से रोजगार का साधन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिये।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. डी.एस. बघेल–ग्रामीण समाज शास्त्र – पुष्पराज प्रकाशन रीवा, द्वितीय संस्करण 1981 (424+433)
2. रवीन्द्रनाथ मुखर्जी तथा कुल ब्रेस्ट, गिरीश चन्द्र, भारतीय ग्रामीण समाजशास्त्र 1962–प्रकाशन बुक डिपो बरेली।
3. राम आहूजा 2000, भारतीय समाज (रावत पब्लिकेशन नई दिल्ली)
4. डी.डी. शर्मा, (भारतीय सामाजिक संस्थायें) साहित्य भवन आगरा प्रथम संस्करण 1980।
5. गोपाल कृष्ण अग्रवाल, 1971 (भारतीय समाज तथा संस्थायें) साहित्य भवन आगरा
6. डॉ के.पी. पोथन एवं 5 वी.सी.टोग्या, (परिवार और समाज द्वितीय संस्करण 1989) कमला प्रकाशन इन्दौर
7. समाज कल्याण मासिक पत्रिका नई दिल्ली,
8. योजना नई दिल्ली।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# अखाड़ों की भूमिका-मंदिर निर्माण एवं पुनरुद्धार के विशेष संदर्भ में

सोनिका गुप्ता
शोध छात्रा, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

**Article Info**

Volume 7, Issue 1
**Page Number :** 48-50
**Publication Issue :**
January-February-2024
**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**शोधसारांश-** देश के विभिन्न तीर्थ स्थान में स्थित अखाड़े ने धार्मिक स्थलों को अपना केंद्र बनाया। अनेक मंदिरों का निर्माण कार्य कराया एवं उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की। जनजीवन में अच्छे मूल्य की स्थापना की। समाज के लिए लोकगीत के कार्यों में अग्रणी रहे। इन सब कार्यों के पीछे उनका उद्देश्य पवित्र रहा, भावनाएं जनकल्याण की रहीं। अत: हम कह सकते हैं कि अखाड़े ने अपना अमूल्य योगदान भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं विस्तार में दिया।

**मुख्य शब्द-** तीर्थ, प्रबंधन, मंदिर, समाज, निर्माण, अखाड़ा, भारतीय संस्कृति।

प्रारंभ में अखाड़ों की स्थापना विदेशी साम्राज्यवादी शक्तियों के आक्रमण, यवनों के अत्याचार, ईर्ष्या, आंतरिक फूट तथा भेदभाव जैसी अनेक समस्याओं के निवारण हेतु हुई थी। आगे चलकर मध्यकाल में, स्थापना के समय, सैनिक छावनी जैसा अखाड़ों का स्वरूप रहा। एकमात्र उद्देश्य प्रमुख था वह था – धर्म की रक्षा। स्थाई रूप से विभिन्न स्थानों में बस जाने के बाद अखाड़ों की भूमिका, उनके लक्ष्य एवं उद्देश्य परिवर्तित हुए। अखाड़ों की सैनिक छावनी वाली भूमिका ब्रिटिश शासन काल तक धीरे-धीरे समाप्त हो गई। अखाड़ों ने भारतीय संस्कृति की रक्षा, उन्नति एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अपना ध्यान केंद्रित किया। लोकहित के कार्यों में संलग्न होकर अखाड़ों ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। ब्रह्मर्षिजी , भूतपूर्व महंत, पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, प्रयाग, लिखते हैं कि, 'सामाजिक व्यवस्था में नैतिकता की स्थापना अखाड़ों का परम लक्ष्य है, वही सदस्यों का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन को परोपकार एवं धार्मिक ढांचे में डालकर समाज में अच्छे नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों की स्थापना करें तथा जनता को सही दिशा निर्देशित करें।[1]

अखाड़ों में रहने वाले सन्यासियों के जीवन के कुछ प्रमुख उद्देश्य होते हैं जैसे - हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार, भगवान शिव की पूजा-उपासना, भारत के पवित्र तीर्थों का भ्रमण तथा जनकल्याण के लिए लोक सेवा ।[2]

अवध के नवाब सफदरगंज ने अठारहवीं शताब्दी में अयोध्या में महंत अभयरामदास, जो वैरागियों के निर्वाणी अखाड़े के महंत थे, मंदिर निर्माण हेतु हनुमानगढ़ी पर भूमि दान दिया था।[3] अयोध्या के अनेकों मंदिरों का मरम्मत कार्य सफदरगंज के दीवान नवल राय द्वारा संपन्न कराया गया।[4] सफदरगंज द्वारा प्रदत्त भूमि पर हनुमानगढ़ी मंदिर बनाने का समर्थन आसिफउद्दौला द्वारा किया गया।[5]

प्रयाग में स्थित अखाड़े में दशनामी संप्रदाय के पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी ने जनता के धार्मिक- सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। युद्ध के दिनों में वीरता प्रदर्शित करने तथा शांति के दिनों में

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सनातन धर्म संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का उद्देश्य लेकर संकल्पित नागा संतो को उत्पन्न करने का श्रेय इसी अखाड़े को जाता है। इस अखाड़े को भारत के कुछ प्राचीन मंदिरों का संरक्षण एवं पुनरुद्धार करने का श्रेय भी है। इस अखाड़े द्वारा संरक्षित मंदिरों की लंबी सूची महंत लालपुरी द्वारा प्रदान की गई है।[6] जिसमें प्रयाग, वाराणसी, कनखल, उज्जैन, पौड़ी गढ़वाल, कुरुक्षेत्र, पिछेवा, स्थानेश्वर, भर, देहरादून, बडौदा, आगरा आदि स्थानों के मंदिर सम्मिलित हैं। इस अखाड़े के नागा सन्यासियों द्वारा तीर्थों एवं मंदिरों की रक्षा हेतु अनेकों युद्ध आक्रमणकारियों के विरुद्ध किये तथा वीरगति को प्राप्त हुए जिसमें गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर[7], काशी विश्वनाथ मंदिर[8] एवं मथुरा के मंदिर[9] शामिल है। प्रयाग में महानिर्वाणी अखाड़े द्वारा संरक्षित मंदिरों में अलोपीबाग में स्थित अलोपशंकरी मंदिर एवं दारागंज स्थित वेणीमाधव मंदिर प्रसिद्ध है जिसका विस्तार, पुनरुद्धार समय- समय पर कराया जाता है।

प्रयाग का दूसरा प्रसिद्ध दशनामी अखाड़ा तपोनिधि श्री निरंजनी अखाड़ा है। अखाड़े का मुख्यालय प्रयाग में ही है, परंतु एक शाखा कनखल(हरिद्वार) में भी है। प्रयाग, वाराणसी, हरिद्वार आदि स्थानों में कुछ मंदिरों के संरक्षण का श्रेय इस अखाड़े को जाता है। बाघंबरी गद्दी, निरंजनी अखाड़े की ही एक शाखा है। इसकी स्थापना सोलहवीं शताब्दी में शैव मतावलंबी बाघंबरी बाबा ने की[10] जो दारागंज, प्रयाग में स्थित है। बादशाह औरंगजेब ने इनके चमत्कारों से प्रभावित होकर तेरह गांव माफी लगा दिए।[11] लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर, प्रयाग में जो स्थित है, पूजा-प्रबंध, देखरेख आदि बाघंबरी गद्दी की ओर से ही होता है।

उदासीन, वैरागी एवं निर्मल अखाड़े अपने अखाड़ा क्षेत्रों के मंदिरों का प्रबंध व्यवस्था करते हैं। इनके अधिकांश मंदिर अमृतसर, हरिद्वार, अयोध्या, वाराणसी आदि स्थानों में है। अयोध्या का हनुमानगढ़ी मंदिर, वैष्णव वैरागी (रामानंदी) नागाओं की एक सभा करती है। इस मंदिर में 500 नागा साधु निवास करते हैं।[12] यह पंचायती मंदिर है, जो एक किले के समान है। खाकी अखाड़ा के संस्थापक, चित्रकूट के दयाराम, ने अवध के नवाब शुजाउद्दौला के समय में चार बीघा भूमि अयोध्या में प्राप्त कर एक सुंदर मंदिर का निर्माण कराया था।[13] वैष्णव अखाड़ा अधिकांश रूप से अपने जीवन निर्वाह हेतु अपने भू संपत्ति एवं मंदिरों के चढ़ावे पर निर्भर है।[14]

वैष्णव अखाड़ा का एक बड़ा स्थान[15] दारागंज प्रयाग में है। अकबर के समकालीन एक विद्वान चमत्कारी संत मद्देव मुरारी जी को अकबर के प्रयाग स्थित किले के अंदर पातालपुरी मंदिर की वर्तमान मूर्तियों को प्रकट करने का श्रेय दिया जाता है जो वर्तमान रूप में प्रतिष्ठित है।[16]

इस प्रकार हमें ज्ञात होता है कि देश के विभिन्न तीर्थ स्थान में स्थित अखाड़े ने धार्मिक स्थलों को अपना केंद्र बनाया। अनेक मंदिरों का निर्माण कार्य कराया एवं उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की। जनजीवन में अच्छे मूल्य की स्थापना की। समाज के लिए लोकगीत के कार्यों में अग्रणी रहे। इन सब कार्यों के पीछे उनका उद्देश्य पवित्र रहा, भावनाएं जनकल्याण की रहीं। अत: हम कह सकते हैं कि अखाड़े ने अपना अमूल्य योगदान भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं विस्तार में दिया।

सन्दर्भ-

1. उदासीन कल्पतरु (श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, प्रयाग द्वारा प्रकाशित), पृष्ठ- 2
1. 2.महंत लालपुरी, 'श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एवं दशनाम नागा संन्यासियों का संक्षिप्त परिचय' (हरिद्वार: श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, कनखल, 1988), पृष्ठ-7
2. पीटर वान डर वीर, 'गाड मस्ट बी लिब्रेटेड' : ए हिंदू लिबरेशन मूवमेंट इन अयोध्या; मॉडर्न एशियन स्टडीज, भाग 21(2), 1987, पृष्ठ-288
3. वही, पृष्ठ-288

4. वही, पृष्ठ–288
5. लालपुरी (पूर्वोक्त), पृष्ठ–7–20
6. लालपुरी (पूर्वोक्त), पृष्ठ–7
7. जदुनाथ सरकार, 'हिस्ट्री आफ दशनामी नागा संन्यासीज'(इलाहाबादः श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, दारागंज, 1950), पृष्ठ–87–88
8. इंडियन ऐंटीक्वेरी (1907), पृष्ठ–61; एच0 आर0 गुप्ता – मराठाज ऐंड पानीपत' (चंडीगढ, 1961), पृष्ठ–88
9. हरेंद्र प्रताप सिन्हा, 'भारत को प्रयाग की देन' (इलाहाबाद, 1953), पृष्ठ–46
10. 11. वही, पृष्ठ–46–47
11. 12. एच0 आर0 नेविल– 'फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट गजेटियर' (1905), पृष्ठ–61
12. 13. फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट गजेटियर (पूर्वोक्त), पृष्ठ–61
13. 14. फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट गजेटियर (पूर्वोक्त), पृष्ठ–60–61
14. 15. हरेन्द्र प्रताप सिन्हा, 'भारत को प्रयाग की देन', पृष्ठ–37
15. 16. वही, पृष्ठ–37–38

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# हिन्दी वर्णमाला के उद्भव में पाणिनीय प्रभाव

डॉ लेखराम दन्नाना
सहायक आचार्य , संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**

Volume 7, Issue 1
**Page Number :** 51-57

**Publication Issue :**
January-February-2024

**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**अभिसंक्षिप्तिका :-** समाज, संस्कृति एवं साहित्य की परिपोषक जो भाषाएँ हैं, भारत उन भाषाओं का भण्डार है। भारत में अनेक भाषाएँ हैं, जिनको हम भारतीय भाषा की संज्ञा देते हैं, अत: भारत एक बहुभाषी देश है । पाश्चात्य विद्वानों ने इसे भाषा परीक्षण की प्रयोगशाला तक कहा है । जहाँ उत्तर की ओर हिन्दी, उर्दु, पंजाबी, कश्मीरी इत्यादि भाषाओं का प्रयोग होता है , वहीं दक्षिण की ओर द्रविड़ परिवार की तमिल, तेलुगु, कन्नड, मलयालम आदि भाषाओं का प्रयोग होता है । ऐसे ही पश्चिम पूर्व और मध्य देश में विभिन्न भाषाओं एवं विभाषाओं का प्रयोग दिखाई देता है । जैसे- गुजराती, मराठी, बंगला, असमिया, उडिया, मणिपुरी इत्यादि। भारत जो भाषा प्रयोगशाला के रूप में जाना जाता है, उस भाषा प्रयोगशाला का आधार संस्कृत भाषा है । संस्कृत भाषा एक विशिष्ट भाषा है, जिसने भारत को स्वर्णिम चिड़िया की संज्ञा दिलायी है । जिसने संस्कृति को जीवित रखा है, जिसने साहित्य को मूर्धन्य स्थान दिया है, साहित्य को उस शिखर तक पहुँचाया है जिस शिखर से सभी ज्ञान अर्जित कर लाभान्वित हो रहे हैं । संस्कृत का व्याकरणिक पक्ष सुदृढ़ है जिससे अन्य भाषाओं के व्याकरण को भी सुदृढ़ता मिलती है । संस्कृत व्याकरण से प्राय: प्रत्येक भारतीय एवं वैदेशिक भाषाएं प्रभावित हुई हैं । भारतीय भाषाओं में हिंदी के ऊपर विशेष रूप से प्रभाव परिलक्षित होता है । हिंदी के प्रत्येक व्याकरणिक तत्त्व पर पाणिनीय व्याकरण का प्रभाव दिखाई पड़ता है । पाणिनीय व्याकरण का हिंदी वर्णमाला पर जो विशिष्ट प्रभाव है, वह इस आलेख में प्रस्तुत है ।

**संकेत शब्द :** व्याकरण, सूत्र, वर्णमाला, स्थान, प्रयत्न, मात्रा ।

संस्कृत एक प्राचीनतम अनुशासित एवं परिपक्व भाषा है । यह सर्वविदित है कि संस्कृत विश्व के अनेक भाषाओं की जननी है । संस्कृत भाषा में अनेक शास्त्रों का समावेश है जिनसे संस्कृत भाषा एवं संस्कृत वाङ्मय प्रपूरित होता है । दर्शन, साहित्य, ज्योतिष, अलंकार, धर्म, नाट्य, तथा व्याकरण आदि अनेक शास्त्र विद्यमान हैं । विद्यमान शास्त्रों की श्रृङ्खला में व्याकरण शास्त्र का विशिष्ट स्थान है । "**मुखं व्याकरणं स्मृतम्**" महाभाष्यकार पतञ्जलि के उपर्युक्त कथनानुसार व्याकरण को शास्त्रों का मुख रूप कहा जाता है । व्याकरण जिससे शब्दों की व्युत्पत्ति जानी जा सके, शब्दों की प्रकृति, धातु, प्रत्यय आदि विश्लेषण

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

जाना जा सके एवं शब्दों का सुचारु रूप से प्रयोग जाना जा सके । अतः **व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दा अनेन इति व्याकरणम्** इस प्रकार की परिभाषा वैयाकरणों ने परिभाषित की है।

संस्कृत व्याकरण के बहुत सारे वैयाकरणों ने अपने अपने व्याकरण ग्रन्थ रचे हैं, परन्तु उनमें सबसे ज्यादा प्रसिद्धि प्राप्त व्याकरण ग्रन्थ पाणिनि कृत अष्टाध्यायी है । यह एक विशिष्ट शैली में रचा हुआ व्याकरण ग्रन्थ है, जिससे संस्कृत व्याकरण सम्यक् रूप से अनुशासित होते हुए परिपक्वता को प्राप्त हुआ है । अष्टाध्यायी ग्रन्थ में कुल आठ 8 अध्याय हैं जो कि इसके नाम से ही स्पष्ट ज्ञात होता है । प्रत्येक अध्यायों में चार-चार पाद हैं और सम्पूर्ण अध्यायों में लगभग 3995 सूत्र हैं । इन सूत्रों में सम्पूर्ण संस्कृत भाषा को सुगमता से माला में फूलों के सदृश पिरो दिया है एवं वैज्ञानिक शैली, सांस्कृतिक शैली, प्रोग्रामिक शैली इस ग्रन्थ में झलकती है ।

संस्कृत में सूत्र ग्रन्थों का विस्तृत रूप रहा है । सूत्र अर्थात् संक्षिप्तता से समग्र विषय का कथन । सूत्र की परिभाषा एक श्लोकानुसार -

**अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् विश्वतो मुखम् ।**

**अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः ।।**

सूत्र किसे कहते हैं? सूत्र की वस्तुनिष्ठता के लिए क्या - क्या आवश्यक हैं ?यह इस श्लोक में कथित है, जैसे -

- अल्पाक्षरम् - अल्प अक्षरों में निर्मित
- असन्दिग्धम् - सन्देह रहित
- सारवत् - निष्कृष्ट अर्थ का प्रकाशक
- विश्वतोमुखम् - अनुवृत्ति अपकर्षादि द्वारा पूर्व और पर से संगतार्थ का द्योतक ।
- अस्तोभम् - अवरोध रहित । अपने सम्पूर्ण लक्ष्यस्थल में व्यापक ।
- अनवद्यम् - दोष रहित, (अव्याप्ति, अतिव्याप्ति, असम्भवादि त्रिदोषों से रहित)

अर्थात् जो अल्पाक्षरों में निर्मित है, सन्देह रहित है, निष्कृष्ट अर्थ का प्रकाशक है, अनुवृत्ति अपकर्षादिद्वारा पूर्व और पर के संगतार्थ का द्योतक है, अवरोध रहित है- अर्थात् अपने सम्पूर्ण लक्ष्य स्थल में व्यापक है, त्रिदोष - अव्याप्ति, अतिव्याप्ति, असम्भवादि दोषों से रहित है वह सूत्र है । सूत्र की परिभाषा वाचस्पति मिश्र जी ने भामती टीका में इस प्रकार की है -

**लघूनि सूचितार्थानि स्वल्पाक्षरपदानि च ।**

**सर्वतः सारभूतानि सूत्राण्याहुर्मनीषिणः ।।**

अर्थात् जो लघु होते हैं, अर्थ को सूचित करने वाले होते हैं, स्वल्पाक्षर एवं स्वल्प पदों वाले होते हैं, सारभूत होते हैं उनको मनीषी गण सूत्र कहते हैं । वार्तिककार कात्यायन ने भी सूत्र की परिभाषा देते हुए लिखा है -

**अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद् गूढनिर्णयम् ।**

**निर्दोषं हेतुमत् तथ्यं सूत्रमित्युच्यते बुधैः ।।**

अल्पाक्षर हो, असन्दिग्ध हो, सारवत् हो, गूढ निर्णय करने वाला हो, निर्दोष हो, हेतुमत् हो वह सूत्र कहलाता है ।

इस सूत्र संज्ञा से सम्बोधित तथ्य को पाणिनि के व्याकरण में छः प्रकार से देखा जा सकता है –

**संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च ।**

**अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रलक्षणम् ।।**

अर्थात् सूत्र छः प्रकार के होते हैं – संज्ञा सूत्र. परिभाषा सूत्र, विधि सूत्र, नियम सूत्र, अतिदेश सूत्र, एवं अधिकार सूत्र ।

- ❖ संज्ञा सूत्र – संज्ञा और संज्ञी का बोध कराने वाले सूत्र संज्ञा सूत्र हैं, जैसे – **अदेङ् गुणः**, यहाँ अदेङ् संज्ञी गुणः संज्ञा ।
- ❖ परिभाषा सूत्र – अनियमावस्था में नियम स्थापन करने वाला परिभाषा सूत्र कहलाता है , जैसे – **षष्ठी स्थानेयोगा** ।
- ❖ विधि सूत्र – कार्यादि विधान करने वाला विधि सूत्र है, जैसे – **इको यणचि** ।
- ❖ नियम सूत्र – प्राप्त विधि का नियमन करने वाला नियम सूत्र होता है, जैसे – **रात्सस्य** ।
- ❖ अतिदेश सूत्र – अन्य धर्म को अन्यत्र आरोपित करना अतिदेश है, जैसे – **स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ** ।
- ❖ अधिकार सूत्र – उत्तरोत्तर गमन करने वाला अधिकार सूत्र कहलाता है, जैसे – **कारके**, **धातोः** इत्यादि । इन छः प्रकार के सूत्रों को अच्छी प्रकार जान लेने से व्याकरण सुगमता से समझा जा सकता है । प्रत्येक सूत्र को जानने की विधि कुछ इस प्रकार है –

**पदच्छेदः पदार्थोक्तिः विग्रहो वाक्ययोजना ।**

**आक्षेपोऽथ समाधानं व्याख्यानं षड्विधं मतम् ।।**

सूत्र की व्याख्या या सूत्र के समझने के लिए ये छः लक्षण क्रमशः अत्यन्त आवश्यक हैं।

- पदच्छेद – अर्थात् पदविभाग ।
- पदार्थोक्ति – अर्थात् विभक्ति का ज्ञान तथा पदों का अर्थ विश्लेषण ।
- विग्रह – सूत्र में प्रयुक्त समस्त पदों का विश्लेषण । व्युत्पत्ति लभ्य अर्थ को ज्ञापन करने के लिए विग्रह कथन ।
- वाक्ययोजना – अर्थात् अधिकार अनुवृत्ति आदि से पदों को जोडकर अर्थ सिद्ध करना ।
- आक्षेप – अर्थात् पूर्वपक्ष तथा सूत्र में विद्यमान शङ्का ।
- समाधान – उत्तरपक्ष तथा प्रश्न का उत्तर ।

इस प्रक्रिया से पूर्व शुद्ध शब्दों के उच्चारण के लिए पाणिनि ने पाणिनीय शिक्षा का निर्माण किया । जिसको आधार मानकर ही हिन्दी व्याकरण का जन्म हुआ है और उसकी प्रोन्नति भी पाणिनीय प्रणाली के आधार पर ही देखी जा सकती है ।

हिंदी एक सरल एवं सुगम भाषा है । आजकल भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी हिंदी भाषा का अध्ययन किया जाता है । हिंदी भाषा अन्य भाषाओं से शब्दों को सरलता से ग्रहण कर लेती है । यह शब्द ग्राह्यता ही हिंदी के सौंदर्य को वर्धित करता है । हिंदी भाषा का साहित्य पक्ष तो अत्यंत समृद्ध है ही व्याकरण पक्ष भी सुदृढ़ है । व्याकरण पक्ष सुदृढ़ होने कारण है उसके आधारभूमि के रूप में संस्कृत व्याकरण का होना ।

**हिन्दी-व्याकरण के अनुसार वर्णमाला की परिभाषा**– किसी भाषा के समस्त वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं । हिन्दी–व्याकरण के अध्ययन के लिये हिन्दी की मानक वर्णमाला का ज्ञान प्राथमिक है, जो कि सबसे अधिक प्रचलित और प्राचीन वर्गीकृत स्वर एवं व्यञ्जन में मिलता है ।

**स्वर –** स्वर उन ध्वनियों को कहते हैं जो कि स्वयं उच्चरित होते हैं । तद्यथा **स्वयं राजन्ते इति स्वरा:**[i] इति ।

**व्यञ्जन** – व्यञ्जन उन ध्वनियों को कहते हैं जो स्वरों की सहायता से उच्चरित होते हैं । तद्यथा **अन्वग्भवति व्यञ्जनम्**[ii] इति ।

**वर्णमाला-** हिन्दी की वर्णमाला के अन्तर्गत 13 स्वर एवं 33 व्यञ्जन हैं, इसके अतिरिक्त अनुस्वार, विसर्ग और चन्द्रबिन्दु ये कुल मिलाकर 49 वर्णसमूह मिलता है ।

संस्कृत–वर्णमाला के अन्तर्गत **त्रिषष्टि वर्णा:**[iii] कुल 63 वर्ण वर्णोच्चारणशिक्षा में निर्दिष्ट हैं ।

हिन्दी में व्यञ्जन–समूह के लिये कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, पवर्ग आदि व्यवहार होता है, संस्कृत–व्याकरण में कु, चु, टु, तु, पु का व्यवहार प्रसिद्ध है । इन कु, चु, टु, तु  का ही विकृत रूप है कवर्ग, चवर्गादि । जैसे कि पाणिनि ने – **कुहोश्चु:**[iv], **चुटू**[v], **चो: कु:**[vi], **ष्टुना ष्टु:**[vii] आदि प्रयोग करके **अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्यय:**[viii] इस सूत्र के द्वारा उदित् निर्देश से उनके सवर्णी का ग्रहण बताया है । सवर्णी का तात्पर्य है समान वर्णों का समूह , जैसे कि क, ख, ग, घ, ङ इन वर्णों में समानता देखे जाने से कु इतना मात्र उच्चारण से वह पाँच वर्णों का वर्ण समूह जाना जाता है, जिसे कि हिन्दी में वर्ग कहा जाता है अत: कवर्ग चवर्गादि व्यवहार हिन्दी में प्रसिद्ध है ।

**उच्चारण स्थान के आधार पर-** वर्ण का उच्चारण करते समय , श्वास वायु मुख के जिस अवयव से टकराती है, उसे वर्ण का उच्चारण स्थान कहते हैं । जैसे-  कण्ठ्य, तालु, मूर्धा, ओष्ठ्य, दन्त, नासिका । इन वर्ग समूह का जो स्थान निर्देश हिन्दी व्याकरण में है वो पाणिनि के संस्कृत–व्याकरण में भी लगभग समान ही मिलता है । स्थान – निर्देश करते हुए पाणिनि का वचन है –

**अष्टौ स्थानानि वर्णानामुर: कण्ठ: शिरस्तथा ।**
**जिह्वामूलश्च दन्ताश्च नासिकोष्ठौ च तालु च**[ix] ।।

1. **कण्ठ्य -** कण्ठ से उच्चरित ध्वनियों को कण्ठ्य ध्वनियाँ कहते हैं, जैसे – क, ख, ग, घ, ङ और विसर्ग तथा अ, आ स्वर भी कण्ठ्य हैं । ह के उच्चारण के लिये हिन्दी–व्याकरण के अन्तर्गत काकल्य ध्वनि स्थान का निर्देश है किन्तु संस्कृत–व्याकरण में तो ह को भी कण्ठ्य ही माना गया है, जैसे- **अकुहविसर्जनीया: कण्ठ्या: –** पाणिनिशिक्षा ।
2. **तालव्य -** जिस ध्वनि का उच्चारण तालु से किया जाता है, जैसे- च, छ, ज, झ, ञ, य, श तथा इ, ई। तत्सम संस्कृत–व्याकरण में **इचुयशानां तालु** – पाणिनीयशिक्षा ।
3. **मूर्धन्य** – जिन ध्वनियों का उच्चारण मूर्धा की सहायता से किया जाता है, इसमें टवर्ग तथा र, ष ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं । संस्कृत–व्याकरण में पाणिनिशिक्षा का सूत्र है – **ऋटुरषाणां मूर्धा**[x] ।

4. **दन्त** - दाँत की सहायता से उच्चरित ध्वनियाँ दन्त्य हैं, इसमें जिह्वाग्र या जीभ के नोंक की सहायता ली जाती है । हिन्दी के त, थ, द, ध दन्त्य हैं । न एवं ल को **वर्त्स्य** कहा है । वर्त्स्य मतलब मसूडे की सहायता से उत्पन्न जो ध्वनि । ल को हिन्दी–व्याकरण के अन्तर्गत **पार्श्विक व्यञ्जन** भी कहा जाता है । संस्कृत में न और ल दोनों वर्णों को दन्त्य वर्ण के अन्तर्गत ही अन्तर्भूत कर लिया जाता है, सूत्र है– **लृतुलसानां दन्त्याः** ।
5. **दन्तोष्ठ्य** - जिनका उच्चारण ऊपर के दाँत और नीचे के होंठ की सहायता से होता है । हिन्दी–व्याकरण के अन्तर्गत व एवं फ दन्तोष्ठ्य वर्ण हैं, किन्तु संस्कृत–व्याकरण में केवल वकार को दन्तोष्ठ्य माना है, इसमें फ को भी ओष्ठ्य ही माना है, जैसे कि पाणिनीयशिक्षा का सूत्र है – **वकारो दन्त्योष्ठौ**[xi] ।
6. **ओष्ठ्य** - जिनका उच्चारण दोनों होठों से हो, जैसे– प, फ, ब, भ, म इन्हें ओष्ठ्य कहते हैं । पाणिनीयशिक्षा में कहा है– **उपूपध्मानीयानां ओष्ठ्याः** ।
7. **कण्ठोष्ठ्य** - कण्ठ से जीभ और होठों के कुछ स्पर्श से बोली जाने वाली ध्वनि जैसे – ओ एवं औ । इसी को पाणिनि कहते हैं – **ओदौतौ कण्ठ्योष्ठौ**[xii] ।
8. **कण्ठतालु** - कण्ठ से जीभ और तालु के कुछ स्पर्श से बोली जाने वाली ध्वनि जैसे– ए एवं ऐ । इसी को पाणिनि कहते हैं – **एदैतौ कण्ठ्यतालु**[xiii] ।
9. **जिह्वामूलीय** – जिन ध्वनियों का उच्चारण जिह्वा के मूल या अन्तिम भाग से किया जाता है वे जिह्वामूलीय ध्वनियाँ हैं, इनका प्रयोग हिन्दी में नहीं देखा जाता है किन्तु संस्कृत–व्याकरण में इनका प्रयोग होता है ।
10. **अनुनासिक** - जिन ध्वनियों का उच्चारण नासिका मार्ग से किया जाता है । उन ध्वनियों को अनुनासिक कहा जाता है । अनुनासिक का चिह्न (ँ)चन्द्र बिन्दु है । अनुनासिक व्यञ्जन होता है । प्रत्येक वर्ग का पञ्चम वर्ण ङ, ञ, ण, न, म । इसी को पाणिनीयशिक्षा में पाणिनि कहते हैं– **ङञणनमाः स्वस्थान-नासिकास्थानाः**[xiv] ।

**संयुक्त वर्ण** – क्ष, त्र, ज्ञ आदि जैसे हिन्दी वर्णमाला के अन्तर्गत देखे जाते हैं, वैसे संस्कृत–व्याकरण में भी इनका प्रयोग होता है ।

**मात्रा** - किसी भी स्वर के उच्चारण में लगने वाले समय की नाप को मात्रा कहते हैं । जिसे संस्कृत–व्याकरण में काल या मात्रा पद से सम्बोधित किया जाता है जैसे– एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक । हिन्दी में एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक के लिये जैसे ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत का प्रयोग होता है ठीक उसी तरह संस्कृत में भी ये प्रयोग किये जाते हैं । तद्यथा–

**एकमात्रो भवेत् ह्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्यते ।**
**त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयः व्यञ्जनं चार्धमात्रकम्**[xv] **।।**

अष्टाध्यायी में इसके लिये सूत्र लिखा है पाणिनि ने– **ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः**[xvi](1–2–27) । इस सूत्र से संस्कृत–व्याकरण में एकमात्रिक की ह्रस्व, द्विमात्रिक की दीर्घ, त्रिमात्रिक की प्लुतसंज्ञा प्रसिद्ध है।

**ह्रस्वार्ध** - हिन्दी व्याकरण के अन्तर्गत ह्रस्वार्ध का भी प्रयोग देखा जाता है किन्तु संस्कृत–व्याकरण में ह्रस्वार्ध का प्रयोग नहीं मिलता है । भाष्यकार पतञ्जलि ने भी इसका निषेध किया है ।

**ध्वनियों के वर्गीकरण के आधार पर हिन्दी में मुख्य रूप से 6 विभाग देखे जाते हैं -**

1. प्रयत्न के आधार पर
2. उच्चारण के आधार पर
3. संयुक्त व असंयुक्त के आधार पर
4. स्थान के आधार पर
5. ह्रस्वता व दीर्घता के आधार पर
6. प्राणत्व के आधार पर

**प्रयत्न के आधार पर** - ध्वनि को उच्चारित करने के लिये ओष्ठ–ताल्वादिस्थानों का श्वासादि का जो प्रयास होता है उसे प्रयत्न कहते हैं । संस्कृत व्याकरण में पाणिनीयशिक्षा में दो प्रकार के प्रयत्नों का निर्देश किया गया है – **प्रयत्नोऽपि द्विविधः, आन्तरिकं बाह्यश्च**[xvii] । उसी प्रकार हिन्दी व्याकरण में भी दो प्रयत्न बताये हैं – आन्तरिक एवं बाह्य[xviii] ।

बाह्य प्रयत्न के अन्तर्गत स्वरों के उच्चारण के **सानुनासिक** एवं **निरनुनासिक** के भेद से 2 प्रकार के भेद देखे जाते हैं उसी प्रकार संस्कृत में भी इनका श्रवण होता है । बाह्य प्रयत्न के आधार पर ही व्यञ्जन ध्वनियों के भी दो भेद **घोष** एवं **अघोष** उभयत्र समान मिलते हैं ।

आभ्यन्तर प्रयत्न के आधार पर जिस प्रकार से हिन्दी व्याकरण में भेद निर्दिष्ट हैं ठीक उसी प्रकार प्रकार संस्कृत में भी निर्दिष्ट हैं । यथा– **संवृत, अर्धसंवृत, अर्धविवृत विवृत** । अर्धसंवृत एवं अर्धविवृत को ही संस्कृत व्याकरण में ईषत्संवृत एवं ईषत् विवृत कहा जाता है ।

अनुनासिक व्यञ्जन के नाम से हिन्दी व्याकरण में ङ, ञ, ण, न, म जाने जाते हैं । संस्कृत–व्याकरण में **मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः**[xix] इस सूत्र के द्वारा इन्हीं वर्णो की अनुनासिक संज्ञा बतायी गयी है ।

इस प्रकार हिन्दी भाषा का व्याकरण पूर्णतः पाणिनीय व्याकरण से सम्बद्ध है या आधृत है । जिस भाषा का व्याकरण ही पाणिनीय प्रणाली पर आधारित हो तो यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि तत्प्रणाली से हिन्दी भाषा पोषित एवं प्रोन्नति को प्राप्त है । पाणिनीय व्याकरण के जानने के पश्चात् हिंदी भाषा के व्याकरणिक नियमों का जानना अत्यंत सरल हो जाता है।

**संदर्भ सूची**

[i] पाणिनीयशिक्षा

[ii] पाणिनीयशिक्षा

[iii] वर्णोच्चारणशिक्षा

[iv] अष्टाध्यायी सू.सं. 7.4.62

[v] अष्टाध्यायी सू.सं. 1.3.7

[vi] अष्टाध्यायी सू.सं. 8.2.30

[vii] अष्टाध्यायी सू.सं. 8.4.41

[viii] अष्टाध्यायी सू.सं. 1.1.69

[ix] पाणिनीयशिक्षा 94

[x] पाणिनीयशिक्षा

[xi] पाणिनीयशिक्षा

[xii] पाणिनीयशिक्षा

[xiii] पाणिनीयशिक्षा

[xiv] पाणिनीयशिक्षा

[xv] पा. शि. 92

[xvi] अष्टाध्यायी सू.सं. 1.2.27

[xvii] वर्णोच्चारणशिक्षा

[xviii] हिन्दी भाषा शिक्षण

[xix] अष्टाध्यायी सू.सं. 1.1.8

**परिशीलित ग्रन्थ सूची**


1. अष्टाध्यायी, आचार्य पाणिनि, रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत, हरियाणा ।
2. पाणिनीयधातुपाठः, आचार्य पाणिनि ,रामलाल कपूर ट्रस्ट, सोनीपत, हरियाणा 1985 ।
3. पाणिनीय शिक्षा , आचार्य शिवराज कौन्दिनायन,चौखम्भा विद्या भवन, वाराणसी. उत्तरप्रदेश ।
4. वर्णोच्चारणशिक्षा, दयानन्द सरस्वती , रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत, हरियाणा ।
5. संस्कृत एवं संस्कृति, डॉ. राजेंद्र प्रसाद,प्रभात प्रकाशन,दिल्ली ।
6. भाषिकी और संस्कृत भाषा, डॉ. देवीदत्त शर्मा, हरियाणा साहित्य अकादमी, चण्डीगढ़,हरियाणा ।
7. हिंदी भाषा शिक्षण, भाई योगेन्द्र जीत, विनोद पुस्तक मंदिर ,आगरा, उत्तरप्रदेश ।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 2 | ISSN : 2582-0095

# दलित जीवन संघर्ष एवं आत्मकथाएँ

कुमार सत्यम
शोधार्थी, हिन्दी विभाग, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर मधेपुरा, बिहार।

**Article Info**

**Article History**
Accepted : 25 March 2024
Published : 05 April 2024

**Publication Issue :**
Volume 7, Issue 2
March-April-2024

**Page Number :** 13-15

**सारांश-** दलित शब्द से तात्पर्य है एक ऐसा वर्ग जो शोषित, पीड़ित, दबा-कुचला, हीनता से ग्रस्त, जिसे समाज के तथाकथित उच्च वर्ग के बच्चे भी दलित वर्ग के बुजुर्गों को भी डाटने, फटकारने तथा गाली गलोज करने का पैतृक अधिकार लिये हो या यूँ कहे की जो समाज के हाशिये पर जीवन जीने को मजबूर समाज के उपेक्षित हो। समय के साथ साथ दलितों की स्थिति निम्न से निम्नतर होती चली गयी। इनके साथ भेद-भाव का स्वरूप का और विस्तार होनेलगा। इनके लिये चलने के अलग रास्ते थे। इनके लिये अलग टोले-मुहल्ले हुआ करते थे। पारंपरिक साहित्य जो मुख्य रूप से अब तक मन्दिरों और राज सभाओं में फला-फूला, वहाँ दलित समुदाय का निषेध ही रहा। साहित्य का जनतांत्रिकरण का आरंभ आधुनिक काल में हुआ, जब साहित्य के केंद्र में नायकत्व के स्वरूप में परिवर्तन आया। आम जनजीवन और साधारण व्यक्ति आधुनिक काल में साहित्य लेखन के केंद्र में आया।

**बीज शब्द** : दलित साहित्य, समाज, आत्मकथाएं, हिंदी साहित्य, आत्मसंघर्ष ।

देश के स्वाधीनता आंदोलन में भी दलित प्रश्नों को डॉ. अंबेडकर ने बड़ी गंभीरता से उठाया। आजादी के पश्चात देश में संविधान लागू होने के बाद सामाजिक न्याय की अवधारणा और मजबूत हुई और दलितों की अभिव्यक्ति विभिन्न मोर्चों पर होने लगी। साहित्य भी इसमे पीछे नहीं रहा, और दलितों ने अपने जीवन संघर्षों को बड़ी मुखरता से अपनी रचनाओं में व्यक्त करना शुरू किया। इन रचनाओं में आत्मकथाओं का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। ये आत्मकथाएँ पारंपरिक आत्मकथा विधा से अलग होकर केवल दलित जीवन की त्रासदी ही व्यक्त नहीं करती बल्कि ये अपने भोगे हुए यथार्थ के माध्यम से दलित चेतना को जगाने का कार्य करती है। दलित चेतना को व्याख्यायित करते हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि अपनी पुस्तक में लिखते हैं कि “दलित की व्यथा दुख पीड़ा का भावुक और अश्रुविगलित वर्णन, जो मौलिक चेतना से विहीन हो, चेतना का सीधा संबंध दृष्टि से होता है, जो दलितो कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, सामाजिक भूमिका की छवि के तिलिस्म को तोड़ती है वह है ‘दलित चेतना’ दलित मतलब मानवीय आधिकारों से वंचित सामाजिक तौर पर जिसे नकारा गया हो। उसकी चेतना यानि दलित चेतना। यही दलित चेतन, दलित साहित्य की अन्त: ऊर्जा में नदी के तेज बहाव की तरह समाविष्ट है, जो उसे पारंपरिक साहित्य से अलग करती है।” [1]

दलितों में व्याप्त अशिक्षा और गरीबी के कारण दलित वर्ग समाज में हमेशा से निम्नस्तरीय रहे हैं। उन्हें शिक्षा का अधिकार नहीं था। उन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता था। उससे सभी प्रकार के हीन कार्य करवाए जाते थे। आजादी के बाद भी दलित

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

छात्रों को कक्षा में बैठने नहीं दिया जाता था। दूर किनारे में अलग नीचे बैठकर या खड़े होकर पढ़ाई करते थे। कक्षा में उच्च वर्ग के छात्रों तथा शिक्षकों से कटु वचन सुनने को मिलता था। इधर हाल की एक घटना है:- दलित वर्ग के छात्रों द्वारा घरे से पानी पीने पर शिक्षकों ने मासूम बच्चा को पीट-पीट कर मार डाला। संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर खुद दलित वर्ग से आते थे। उन्होंने भी अपनी पढ़ाई सामाजिक तत्वों से संघर्ष करके पूरा किया। बाबा साहब अंबेडकर ने कहा "शिक्षा वह श्रेणी का दूध है जो भी पिएगा वह दहारेगा"। दलित वर्ग को सभी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया था। दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होता था। यहाँ तक कि वे लोग किसी उच्च वर्ग के कुएँ से पानी भी नहीं भर सकता था। इतनी छुआछूत, भेदभाव, जाति-पाति, ऊँच-नीच के बावजूद दलित वर्ग समाज के अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं। दलित वर्ग के व्यक्ति समाज के तमाम छोटे-बड़े घरों के व्यक्ति के जन्म से लेकर मरण तक काम आते हैं। समाज में दलित वर्ग की स्थिति बदतर थी। दलित वर्ग की स्थिति बेहतर नहीं होने की एक और वजह समज में वर्ण व्यवस्था का होना था। इसके तहत दलित वर्ग को जीविकोपार्जन हेतु वही गंदगी वाला काम करने को मजबूर किया गया। जैसे गंदगी, मलमूत्र साफ करना, मरे हुए जानवरों को फेंकना, जानवरों के खाल से ढोलक, बेल्ट आदि बनाना, बच्चों के जन्म के बाद सभी अवांछित पदार्थ को फेंकना, साफ करना, शादी-विवाह एवं शोक के समय भी ढोल बाजे बजाना। लकड़ी, मिट्टी, चमड़ा, बाँस इत्यादि से रंग-बिरंगे वस्तुओं का निर्माण करना। गृह-प्रवेश, शादी-विवाह, धार्मिक कार्य और रोजमर्रा के जिंदगी के लिये उपयोगी वस्तुओं का भी निर्माण दलित वर्ग द्वारा ही किया जाता है। जैसे:- सुप, डगड़ा, सुपती, मौनी, पंखा इत्यादि। इतना हीं नहीं मृत्युपरांत मोक्ष प्राप्ति हेतु दलित वर्ग से मुखाग्नि लेते हैं तब जाकर दाह- संस्कार होता है। कहते हैं समय बड़ा बलवान होता है। जो व्यक्ति अपने जीवन काल में दलित वर्ग के छाया से दूर भागते थे, उसके द्वारा दी गई खाद्य सामग्री को छूता नहीं था, शुभ- अशुभ घड़ी में तथा दैनिक कार्यों हेतु दिए गए सामग्री को धोकर घर में रखता था। लेकिन मृत्यु के बाद भी दलित पर आश्रित होना पड़ता है। फिर भी जीते जी बेशर्मी की सारी हदें पार कर दलित वर्ग के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। सच में दलित जीवन संघर्ष से भरा पड़ा है। आज जो दलित वर्ग की स्थिति में थोड़ा बहुत सुधार हुआ है उसमें मुख्य रूप से भारत के संविधान का योगदान है।

पूर्व में दलित वर्ग अपनी बातों को नहीं रख सकते थे। प्रताड़ित, शोषित होने के बावजूद कहीं शिकायत नहीं कर सकते थे। लेकिन अब हिंदी साहित्य के विभिन्न विधाओं में अभिव्यक्ति की मुख्य विधा आत्मकथाओं के माध्यम से अपने सत्य और स्पष्ट बात जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। सत्य इसलिए क्योंकि आत्मकथाओं में स्वयं लेखक द्वारा भोगा हुआ यथार्थ प्रस्तुत किया जाता है। दलित आत्मकथा लेखन से दलित वर्ग को जागरूक और इकट्ठा करते हैं जिससे वे हक अधिकार एवं समानता के लिए आवाज उठाते हैं। कई बार तो आवाज उठाने के बावजूद न्याय नहीं मिलता है। दलितों के आवाज को दबाने के लिए तथा मुख्य आरोपी को बचाने के लिए सारे चोर उचक्के, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति, समाज के सभी सज्जन-दुर्जन, मानवाधिकार के हिमायती आदि सभी का स्वर एक होते हैं। आज भी दलितों पर होते अत्याचार को समाज अनदेखी करती है। इसका जीता जागता उदाहरण हाथरस की घटना है।

डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित हो के नारे के साथ उन्होंने दलितों को जागृत करने का कार्य किया। आजादी के बाद दलितों ने भी अपनी आवाज को मुखरता से अभिव्यक्त करना शुरू किया। पहले कविताओं में, कहानियों के माध्यम से अपने सामाजिक जीवन को सामने लाए, लेकिन दलित आत्मकथाओं में उनका प्रामाणिक भोगा हुआ यथार्थ है। जो उन्होंने स्वयं भोगा है, महसूस किया है। भोगे हुए यथार्थ में सत्या प्रामाणिकता के साथ व्यक्त होते हैं और इस यथार्थ को लाने के पीछे का मकसद है जागृत करना, सदियों से जो उन्हें दबाया गया है उस आक्रोश को व्यक्त करने के लिए आत्मकथा विधा से बेहतर कोई विधा नहीं हो सकती है। यह समाज के अन्य तब के के जो लोग हैं, उन्हें भी झकझोरने का काम करती है। 21वीं सदी की आत्मकथाओं को देखने पर हमें

ऐसे-ऐसे विभिन्न झांकियां मिलती है। भारत में प्रत्येक दलित को समाज में भेदभाव और छुआछूत की समस्या से गुजरकर ही अपने जीवन संघर्ष से गुजरना पड़ता है। यह समस्या अब तक के आत्मकथा लेखन का एक प्रमुख पहलू के रूप में सामने आया है। इसकी एक बानगी हम जूठन में देख सकते हैं "अस्पृश्यता का ऐसा माहौल कि कुत्ते बिल्ली, गाय भैंस को छूना बुरा नहीं था लेकिन चूहरे का स्पर्श हो जाए तो पाप लग जाता था। सामाजिक स्तर पर इंसानी दर्जा नहीं था। वे सिर्फ जरूरत की वस्तु थे। काम पूरा होते ही उपभोग खत्म। इस्तेमाल करो दूर फेंको।"[2]

यहाँ देख सकते हैं कि ओमप्रकाश वाल्मीकि ने इस पीड़ा को किस रूप में व्यक्त किया है, जब दलित वर्ग के लोगों को महज इस्तेमाल की वस्तु के रूप में देखा जाता है। अस्पृश्यता की समस्या और ऊपर से बदहाली दलितों में इस समाज के प्रति आक्रोश पैदा करने वाली है। मोहनदास नेमिशराय अपनी रचना में लिखते हैं-"हमारी जात के हिस्से में थी तो कंगाली की ऐसी चादर जिसमें से एक के बाद एक संकट झांक रहे थे। संकटों के साथ साथ हम अस्पृश्यता के भी शिकार थे। उन संकटों से बाहर आने का रास्ता भी न था। मुक्तिद्वार हमारे लिए बंद थे। हम केवल तड़प सकते थे, रो सकते थे , सिसक सकते थे। हमारे बाहर भीतर अजीबोगरीब हाहाकार था, पर उन्हें सुनने के लिए वहाँ फुर्सत किसे थी।"[3]

तुलसीराम ने मुर्दहिया और मणिकर्णिका दोनों ही आत्मकथाओं में दलित समाज में फैले अंधविश्वास और अशिक्षा को दर्शाया है, और बताया है कि ये अंधविश्वास किस प्रकार उनके सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। मुर्दहिया में वे लिखते हैं- "भुतही पारिवारिक पृष्ठभूमि' की चर्चा करते हुए उन्होंने लिखा है कि किस प्रकार उनके दादा की मृत्यु के पीछे भूत के होने का अंधविश्वास फैल गया था और उसके बाद उनके घर में भूत की पूजा होने लगी। शुभ या अशुभ कार्यों में चमरिया माई की तथा डीह बाबा की पूजा तथा अन्य देवी-देवताओं की पूजा के साथ भूत की पूजा भी होती है। गाँव के दलित ही नहीं, बल्कि ब्राह्मण भी अपने किसी मरे हुए पूर्वज के भूत की पूजा ब्रह्म बाबा के रूप में करते है। दलित बस्ती में अपने देवताओं को सूअर तथा बकरे की बलि दी जाती थी। तथा 'हलवा-सोहारी' (पूड़ी) धार और पुजौरा भी चढ़ाया जाता था।"[4] लेखक ने एक समाजशास्त्री की तरह लोकजीवन में व्याप्त अंधविश्वासों के माध्यम से उनके जीवन की दुर्दशा के कारकों के रूप में इन्हें चित्रित किया है। वे जानते हैं कि अंधविश्वास और अशिक्षा उनके पिछड़ेपन का एक महत्वपूर्ण कारण है।

**निष्कर्ष** : मराठी भाषा से शुरू हुए इन आत्मकथाओं के माध्यम से हम देख सकते हैं कि दलित आत्मकथाओं ने दलित समाज में विषमतामूलक उन सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला है, जिसे हम खुल के बताने में झिझकते रहे हैं। अस्पृश्यता, जातिप्रथा, अशिक्षा, अंधविश्वास, आंतरिक सोपानीकरण और गरीबी उन प्रमुख कारकों में शामिल रहे हैं, जो दलित वर्ग के पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार हैं। इन रचनाओं ने उन दलित, वंचित और शोषित तबके को आवाज देने का कार्य किया है, जो अभी तक अनसुने रह गए थे। वास्तव में इन आत्मकथाओं ने प्रामाणिकता के साथ हिन्दी साहित्य के फलक का विस्तार कर इसे और मानवीय बनाने का कार्य किया है।

संदर्भ-सूची :

1. दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र; ओमप्रकाश वाल्मीकि; पृष्ठः 29
2. जूठन; ओमप्रकाश वाल्मीकि, पृष्ठ 12
3. अपने अपने पिंजरे-भाग 2; मोहनदास नैमिशराय; पृष्ठ 25
4. मुर्दहिया; डॉ. तुलसी राम, पृष्ठ 13

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.gisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2024 GISRRJ | Volume 7 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# विकासखण्ड सरसावां ( जनपद सहारनपुर ) में व्यावसायिक संरचना का तुलनात्मक अध्ययन

मनजीत सिंह
शोध छात्र, भूगोल विभाग, भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद,उत्तर प्रदेश।
डॉ प्रेम शंकर पाण्डेय
असि0 प्रोफेसर, भूगोल विभाग, भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद,उत्तर प्रदेश।

**Article Info**

Volume 7, Issue 1
**Page Number :** 61-68

**Publication Issue :**
January-February-2024

**Article History**
Accepted : 25 Jan 2024
Published : 15 Feb 2024

**सारांश** – सरसावां (जनपद–सहारनपुर) में ग्रामीण व्यावसायिक संरचना का तुलनात्मक अध्ययन करने से यह पता चलता है, कि कार्यशील जनसंख्या (2011) का कुल प्रतिशत 36.51 है जो सहारनपुर जनपद के कुल कार्यशील जनसंख्या प्रतिशत 34.66 से अधिक है। 2011 की कृषक जनसंख्या एवं पारिवारिक उद्योग की जनसंख्या मे कमी दर्ज की गई है। कृषक मजदूर एवं अन्य कार्य के अन्तर्गत जनसंख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। कार्यशील जनसंख्या में भी कमी आयी हैं जिसका प्रमुख कारण जीवन प्रत्याशा एवं बेरोजगारी में वृद्धि से है। अध्ययन क्षेत्र एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहाँ पर खनिज संसाधनों का अभाव है जिसके कारण खनिज आधारित उधोगों का भी अभाव हैं।

**संकेत शब्द:** निर्भर जनसंख्या. कार्यशील जनसंख्या. कृषक मजदूर. पारिवारिक उद्योग ।

**परिचयः–**जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना का आर्थिक दृष्टि से विशेष महत्व हैं, क्योंकि इससें जीविकोपार्जन की दशाओं का ज्ञान होता है। जनसंख्या के व्यावसायिक संरचना का तात्पर्य सम्पूर्ण क्षेत्र में कार्यरत जनसंख्या के विभिन्न कार्यों के अर्न्तगत वर्गीकरण होता हैं। जनसंख्या के व्यावसायिक संरचना का सामाजिक–आर्थिक एंव सांस्कृतिक विकास के विविध पक्षों से घनिष्ठ कार्यात्मक सम्बन्ध होता हैं। इससे क्षेत्र मे रहने वाले निवासियों के रहन–सहन और जीवन–स्तर का ठीक–ठीक अनुमान लगाया जा सकता है। मनुष्य अपने जीवन से सम्बन्धित जो भी कार्य करता हैं, वह उसका व्यवसाय कहलाता हैं। दूसरे शब्दों में जीवन–यापन के लिए की जाने वाली आर्थिक क्रियाओं को व्यावसाय कहते हैं।

किसी भी क्षेत्र में विभिन्न आर्थिक क्रियाओं में संलग्न जनसंख्या के स्वरूप को व्यवसायिक जनसंख्या संरचना कहा जाता है। जनसंख्या की इन आर्थिक क्रियाओं की संरचना व्यावसायिक कहलाती है। प्राथमिक अवस्था में लकड़ी काटने, चीरने, मछली पकड़ने या कंदमूल फल एकत्रित करने और विभिन्न प्रकार की फसलों को उगाने गृहकार्य, कल कारखाने स्थापित करके या सेवा, व्यापार आदि सभी कार्य लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं भरण पोषण के लिए करते रहे हैं। ये सभी कार्य आर्थिक क्रिया से संबंधित है तथा एक कार्य को करने वालों को व्यावसायिक संरचना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है। व्यावसायिक संरचना से ही उस


**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का ज्ञान होता है कोई देश कृषि प्रधान पशुपालन अथवा उद्योग प्रदान है। व्यावसायिक संरचना व्यक्ति की व्यवसायिक स्थिति के साथ साथ विचार सामाजिक दृष्टिकोण एवं राजनैतिक संबंधता को भी प्रकट करती है। जनसंख्या में व्यवसायिक संरचना का बहुत अधिक महत्त्व होता है। जिससे उसके जीवन स्तर का भी पता चलता है। इस प्रकार व्यावसायिक संरचना के अंतर्गत कुल जनसंख्या में कार्यरत जनसंख्या में विभिन्न व्यवसाय या कार्यों की संगतता का अध्ययन किया जाता है। क्योंकि किसी क्षेत्र या देश में आर्थिक आधुनिकीकरण की दिशा में प्रगति की तीव्रता की जानकारी हुई तो विभिन्न व्यवसायों में लगी जनसंख्या का अवलोकन करना आवश्यक हो जाता है। व्यावसायिक संरचना के अतिरिक्त जनसंख्या का कोई भी पहलू ऐसा नहीं है जो देश या काल के विकास की सीमा निर्धारित कर सके। जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना द्वारा जनसंख्या के दबाव का आकलन भी किया जाता है। जिससे क्षेत्र विशेषकर आर्थिक विकास की संभावित विकास का आकलन संभव हो सकेगा। कार्यशील जनसंख्या अर्थात 15 से लेकर 59 आयुवर्ग में स्त्री और पुरुष कृषि विनिर्माण व्यावसायिक परिवहन सेवाओं संचार तथा अन्य वर्गीकृत सेवाओं जैसे व्यवसाय में भाग लेते हैं कृषि और मत्स्यन तथा खनन को प्राथमिक क्रिया, विनिर्माण द्वितीयक क्रिया और परिवहन सेवाओं को तृतीयक क्रियाओं तथा अनुसंधान और वैचारिक विकास से जुड़े कार्यों को चतुर्थक क्रियाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है इन चार खंडों में कार्यशील जनसंख्या का अनुपात किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास के स्तरों का एक अच्छा सूचक है इसका कारण यह है कि केवल उद्योग और अवसंरचना संयुक्त एक विकसित अर्थव्यवस्था ही द्वितीय तृतीय एक और चतुर्थक सेक्टर में अधिक कर्मियो को समायोजित कर सकती है। यदि अर्थव्यवस्था अभी प्राथमिक अवस्था में है। तब प्राथमिक क्रिया से संलग्न लोगों का अनुपात अधिक होगा क्योंकि इससे अधिक मात्रा प्राकृतिक संसाधनों से विद्यमान हैं। जनसंख्या के व्यावसायिक संरचना का सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक लाभ के विविध पक्षों से घनिष्ठ कार्यात्मक संबंध होता है। इससे क्षेत्र के रहने वाले निवासियों के रहन सहन और जीवन स्तर का ठीक ठाक अनुमान लगाया जा सकता है। मनुष्य अपने जीवन से संबंधित जो भी कार्य करता है वह उनका व्यवसाय कहलाता है। दूसरे शब्दों में जीवन यापन के लिए की जाने वाली आर्थिक क्रिया को व्यवसाय कहते है। जनसंख्या का वह भाग जो अतिक्रिया एवं सेवाओं के उत्पादन में संलग्न है। कार्यशील जनसंख्या कहलाती है इसे श्रम शक्ति जनसंख्या भी कहते हैं। जिसमें सामान्यतया 15 से 59 तक आयु वर्ग के लोग शामिल होते हैं इसके विपरीत अकार्यशील आयु में कम आयु के बच्चे सेवामुक्त व्यक्ति गृहणी विद्यार्थी या जो अपने जीवन यापन के लिए किसी अन्यक्रिया में संलग्न नहीं है तथा जनसंख्या का वह भाग जो आर्थिक दृश्य से अकार्यशील हो निर्भर जनसंख्या कहलाती है। इसमें 0 से 14 आयु वर्ग के बच्चे व 60 से अधिक आयु वर्ग के लोग समाहित होते हैं।

**अध्ययन का उद्देश्यः** – प्रस्तुत अध्ययन का प्रमुख उपदेश जनसंख्या के व्यावसायिक संरचना का अध्ययन करते हुए प्रमुख विशेषता को प्रकाश में लाना है। जिससे अध्ययन क्षेत्र के संसाधन संबंधी तथ्यों का पता लगाया जा सके अध्ययन के लिए 2011 के आंकड़ों के आधार पर विकासखंड, जिला, प्रदेश तथा भारत के व्यावसायिक संरचना में परिवर्तन को दिखाया गया है।

**अध्ययन का विधितंत्र –** प्रस्तुत अध्ययन में विश्लेषणात्मक विधितंत्र का प्रयोग करते हुए द्वितीय स्रोतों से प्राप्त आंकड़े जो प्राथमिक जनगणना सार 2011 से लिए गए हैं। न्याय पंचायतवार अध्ययन की इकाई के रूप में चुना गया है तथा न्याय पंचायत ग्राम स्तर पर विवाद समाधान की एक प्रणाली है। इसका काम व्यापक सिद्धांत पर आधारित रहते हुए सरल बनाना तो ग्रामीण व्यावसायिक संरचना आर्थिक दृष्टि से जनसंख्या की व्यवसायिक संरचना का विशेष महत्त्व है।

**अध्ययन क्षेत्र** –सहारनपुर जनपद के विकासखण्ड सरसावां का अक्षांशीय विस्तार $29^0 56'26''$ उत्तर से $30^0 10'12''$ उत्तर हैं तथा देशांतरीय विस्तार $77^0 16'35''$ पूर्व सें $77^0 34'49''$ पूर्व हैं एवं इसका क्षेत्रफल 345.34 वर्ग किमी. है। विकासखण्ड की सम्पूर्ण जनसंख्या 2,58,323 (जनगणना 2011) है। विकासखण्ड सरसावा का क्षेत्र तहसील नाकुर एवं सहारनपुर में आता हैं। विकासखण्ड़ की पश्चिमी सीमा हरियाना प्रदेश के मिलती हैं। मुख्यालय से निकटतम प्रमुख नगर दिल्ली 154 किलोमीटर दक्षिण में तथा प्रदेश की राजधानी लखनऊ लगभग 650 किलोमीटर पूर्व में स्थित हैं। भारत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यमुना मैदान के पूर्व भाग में स्थित सहारनपुर जनपद दक्षिण



पश्चिम भाग में स्थित हैं। संरचनात्मक दृष्टिकोण से अध्ययन क्षेत्र जलोढ़ पूरित गर्त का भाग हैं। इसमें जलोढ़ का जमाव हिमालय पर्वत की निर्माण प्रकिया सें संबन्धित है जो प्लीस्टोसीन काल सें प्रारम्भ होकर अभी तक चल रहीं है। इस समतल मैदानी भू–भाग का निर्माण यमुना एवं मसकरा नदियों द्वारा लाए गये जलोढ़ सें निर्मित हुआ है।


**कार्यशील और अकार्यशील जनसंख्या की तुलना ( प्रतिशत में):–** विकासखण्ड सरसावा में 2011 में कार्यशील जनसंख्या 29.17 प्रतिशत थी जबकि अकार्यशील जनसंख्या 70.82 प्रतिशत थी। नाकुर में कार्यशील जनसंख्या 30.12 प्रतिशत थी जबकि अकार्यशील जनसंख्या 69.87 प्रतिशत तथा सहारनपुर में कार्यशील जनसंख्या 29. 92 प्रतिशत है जबकि अकार्यशील जनसंख्या 70.07 प्रतिशत है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में कार्यशील जनसंख्या 32.93 प्रतिशत थी जबकि अकार्यशील जनसंख्या 67.06 प्रतिशत थी। 2011 तक भारत में कार्यशील जनसंख्या 39.79 प्रतिशत है जबकि अकार्यशील जनसंख्या 60.20 प्रतिशत है। इस प्रकार विकासखण्ड सरसावा में जहाँ ह्रास की स्थिति पायी जाती है। वहीं अकार्यशील जनसंख्या में लगातार वृद्धि हुई हैं। जिसका प्रमुख कारण बेरोजगारी, कृषि क्षेत्र का सीमित होना तथा विकासखण्ड सरसावा में स्थित चीनी मिल का बन्द होना है जिसके कारण अनेकों लोगों के रोजगार के अवसर सीमित हो गये।


**सारणी 1. विकासखण्ड सरसावां से व्यावसायिक संरचना की तुलना 2011**

| नाम | जनसंख्या | कार्यशील | अकार्यशील |
|---|---|---|---|
| | | जनसंख्या (प्रतिशत में) | |
| भारत | 1210854977 | 39.79 | 60.20 |
| उत्तर प्रदेश | 199812341 | 32.93 | 67.06 |
| सहारनपुर | 3466382 | 29.92 | 70.07 |
| नाकुर | 698990 | 30.12 | 69.87 |
| सरसावां | 258323 | 29.17 | 70.82 |

***स्रोत*** : प्राथमिक जनगणना सार, 2011

सारणी 2: का अध्ययन करने पर पता चलता हैं कि जहाँ 2011 में कार्यशील जनसंख्या का औसत 29.17 प्रतिशत है। जिसमें 6 न्याय पंचायत की कार्यशील जनसंख्या विकासखण्ड सरसावां बडगांव से अधिक है। षाहजहॉपुर इब्राहिमपुर कुतुबपुर रायपुर बुढेडा अलीपुरा प्रतिशत अधिक है जनगणना 2011 में जनपद सहारनपुर कार्यशील जनसंख्या 29.92 प्रतिशत है। जनपद से तुलना करने पर पॉच न्याय पंचायत की कार्यशील जनसंख्या अधिक जबकि सात न्याय पंचायत की जनसंख्या जनपद सहारनपुर से कम हैं।




**कृषकः—** इस श्रेणी के अन्तर्गत वे लोग आते हैं जो अपनी स्वयं की भूमि या किराये अथवा बटायी द्वारा प्राप्त भूमि पर या तो स्वयं कृषि करते हैं या अपने देखरेख में उस भूमि पर कृषि कार्य करवाते हैं। अध्ययन क्षेत्र में लघु एवं सीमान्त कृषकों की अधिकता हैं। सारणी 2 की तुलना करने पर जहाँ विकासखण्ड सरसावा में 2011 की जनगणना के अनुसार औसत कृषक जनसंख्या 27.16 प्रतिशत थी इसमे भी न्याय पंचायत कुतुबपुर में सबसे अधिक 40.27 प्रतिशत , टोडरपुर में 32.87 प्रतिशत , दुमझेडा में 30.37 प्रतिशत , रायपुर में 28.36 प्रतिशत , बुढेडा में 27.67 प्रतिशत , औसत कृषक जनसंख्या से अधिक हैं। सबसे कम कृषक न्याय पंचायत बुढढाखेडा में 19.86 प्रतिशत एवं अलीपुरा में 21.28 प्रतिशत , इब्राहिमपुर मे 23.84 प्रतिशत , पटनी में 25.40 प्रतिशत , बडगांव में 25.75 प्रतिशत बरथाकास्त में 25.80 प्रतिशत , षाहजहॉपुर में 26.98 प्रतिशत हैं। सरसावा विकासखण्ड एक कृषि प्रधान क्षेत्र हैं, जिसके फलस्वरुप कृषक जनसंख्या अधिक है।


**कृषक मजदूरः—** कृषक मजदूर राष्ट्र के आर्थिक तंत्र की रीढ है। स्वतंत्रता के पश्चात से ग्रामों के विकास हेतु सरकार द्वारा विविध योजनाएँ क्रियान्वित की गयी हैं लेकिन गाँवों का विकास अति धीमी गति से हुआ हैं। अतः ग्रामीण श्रम पूर्णतः अविकसित है। ग्रामीण श्रम में कृषक मजदूर का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनके पास अपनी कोई कृषि योग्य भूमि नहीं होती है परन्तु कृषि कार्य में अपना श्रम किराये पर देते हैं। विशेषतः कृषक मजदूरों की स्वयं की समस्याएँ हैं क्योंकि वे समाज में एक निम्न वर्ग से सम्बद्व हैं। सारणी 2 की तुलना करने पर जहाँ विकासखण्ड सरसावा में 2011 की जनगणना के अनुसार औसत कृषक मजदूर जनसंख्या 37. 15 प्रतिशत हैं। इसमें भी न्याय पंचायत टोडरपुर में सबसे अधिक 51.89 प्रतिशत एवं बरथाकास्त में 49.8 प्रतिशत, शाहजहॉपुर में 48.6 प्रतिशत बडगांव में 44.97 प्रतिशत, दुमझेडा में 44.26 प्रतिशत, कुतुबपुर में 36. 08 प्रतिशत बुढेडा में 31.50 प्रतिशत, जबकि सबसे कम न्याय पंचायत इब्राहिमपुर में 22.69 प्रतिशत, एवं रायपुर में 27.02 प्रतिशत, अलीपुरा में 28.08 प्रतिशत, बुढढाखेडा में 28.73 प्रतिशत, पटनी में 30.54 प्रतिशत हैं। कृषि मजदूरों की संख्या में दशकों में विद्यमान असमान प्रवृत्ति, कृषि कार्य में आधुनिक प्राविधिकी का अधिकाधिक उपयोग, भूमि विहीन ग्रामीण जनसंख्या का नगरीकरण, प्रवजन एवं रोजगार के अवसरों में अभिवृद्दि से सम्बन्धित हैं।

**सारणी 2. विकासखण्ड सरसावां में व्यावसायिक संरचना, 2011**

| न्याय | कुल | कार्यशील | कार्यशील जनसंख्या (प्रतिशत में) | अकार्यशील |
|---|---|---|---|---|

| पंचायत | जनसंख्या | जनसंख्या | कृषक | मजदूर | पारिवारिक उद्योग | अन्य | जनसंख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टोडरपुर | 16068 | 4831 | 32.87 | 51.89 | 0.80 | 14.42 | 11237 |
| बरथाकास्त | 25794 | 7135 | 25.80 | 49.85 | 1.96 | 22.38 | 18659 |
| बडगांव | 25034 | 6757 | 25.75 | 44.97 | 1.67 | 27.60 | 18277 |
| दुमझेडा | 24192 | 7243 | 30.37 | 44.26 | 2.37 | 22.98 | 16949 |
| पटनी | 27612 | 7809 | 25.40 | 30.54 | 1.95 | 42.09 | 19803 |
| बुढढाखेडा | 22312 | 6100 | 19.86 | 28.73 | 2.63 | 48.75 | 16212 |
| शाहजहॉपुर | 20119 | 6152 | 26.98 | 48.60 | 2.27 | 22.13 | 13967 |
| इब्राहिमपुर | 18288 | 5304 | 23.84 | 22.69 | 2.48 | 50.96 | 12984 |
| कुतुबपुर | 19706 | 5520 | 40.27 | 36.08 | 2.46 | 21.17 | 14186 |
| रायपुर | 16233 | 5518 | 28.36 | 27.02 | 3.44 | 41.17 | 10715 |
| बुढेडा | 21963 | 6700 | 27.67 | 31.50 | 3.11 | 37.70 | 15263 |
| अलीपुरा | 21002 | 6285 | 21.28 | 28.08 | 3.75 | 46.87 | 14717 |
| योग | 258323 | 75354 | 27.16 | 37.15 | 2.41 | 33.26 | 182969 |

**स्रोत** : प्राथमिक जनगणना सार, 2011




**पारिवारिक उद्योग:–** पारिवारिक उद्योग के अर्न्तगत घरेलू उद्योग, वाणिज्य मरम्मत का कार्य करने वाली जनसंख्या एवं लघु एवं कुटीर उद्योग में लगी जनसंख्या आती है। सारणी 2 की तुलना करने पर जहाँ विकासखण्ड सरसावा में 2011 की जनगणना के अनुसार औसत पारिवारिक उद्योग के अर्न्तगत जनसंख्या का 2.41 प्रतिशत था। इसमें भी न्याय पंचायत अलीपुरा में यह सबसे अधिक 3.75 प्रतिशत था। इसके पश्चात यह रायपुर में 3.44 प्रतिशत , बुढेडा में 3.11 प्रतिशत , बुढढाखेडा में 2.63 प्रतिशत, इब्राहिमपुर में 2.48 प्रतिशत ,

कुतुबपुर में 2.46 प्रतिशत, जो औसत जनसंख्या से अधिक था जबकि सबसे कम न्याय पंचायत टोडरपुर में 0.80 प्रतिशत एवं क्रमशः बडगांव में 1.67 प्रतिशत, पटनी में 1.95 प्रतिशत, बरथाकास्त में 1.96 प्रतिशत, शाहजहॉपुर में 2.27 प्रतिशत , दुमझेडा में 2.37 प्रतिशत था। इस प्रकार पारिवारिक उद्योग के अर्न्तगत जनसंख्या में कमी दर्ज की गयी है। जिसका प्रमुख कारण रोजगार के लिए ग्रामीण जनसंख्या का नगर की तरफ पलायन है।

**अन्य कार्य :–**कृषि एवं विनिर्माण उद्योग में संलग्न व्यक्तियों के अतिरिक्त कार्यशील जनसंख्या को इस श्रेणी में रखा जाता हैं। जिनका मुख्य कार्य परिवहन, व्यापार एवं संचार होता हैं। सारणी 2 की तुलना करने पर जहाँ विकासखण्ड सरसावा में 2011 की जनगणना के अनुसार अन्य कार्य के अर्न्तगत औसत जनसंख्या का 33.26 प्रतिशत था। इसमे भी न्याय पंचायत इब्राहिमपुर में सबसे अधिक 50.96 प्रतिशत एवं न्याय पंचायत बुढढाखेडा में 48.75 प्रतिशत, अलीपुरा में 46.87 प्रतिशत पटनी में 42.09 प्रतिशत, रायपुर में 41.17 प्रतिशत , बुढेडा में 37.7 प्रतिशत, था जो औसत जनसंख्या से अधिक था। सबसे कम न्याय पंचायत टोडरपुर में 14.42 प्रतिशत था। इसके बाद क्रमशः कुतुबपुर में 21.17 प्रतिशत, शाहजहॉपुर में 22.13 प्रतिशत , बरथाकास्त में 22.38 प्रतिशत, दुमझेडा में 22.98 प्रतिशत, बडगांव में 27.6 प्रतिशत, था। इस प्रकार अन्य कार्य के अर्न्तगत जनसंख्या का अधिक भाग है।

**निष्कर्षः–** सरसावा (जनपद–सहारनपुर) में ग्रामीण व्यावसायिक संरचना का तुलनात्मक अध्ययन करने से यह पता चलता है कि कार्यशील जनसंख्या (2011) का कुल प्रतिशत 36.51 है जो सहारनपुर जनपद के कुल कार्यशील जनसंख्या प्रतिशत 34.66 से अधिक है। 2011 की कृषक जनसंख्या एवं पारिवारिक उद्योग की जनसंख्या मे कमी दर्ज की गई है। कृषक मजदूर एवं अन्य कार्य के अन्तर्गत जनसंख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। कार्यशील जनसंख्या में भी कमी आयी हैं जिसका प्रमुख कारण जीवन प्रत्याशा एवं बेरोजगारी में वृद्धि से है। अध्ययन क्षेत्र एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहाँ पर खनिज संसाधनों का अभाव है जिसके कारण खनिज आधारित उधोगों का भी अभाव हैं। अध्ययन क्षेत्र में मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखकर क्षेत्र के सभी लोगो को आगे लाकर ऐसी व्यवस्था करनी होगी जिससे सम्पूर्ण जनसंख्या को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो।

अध्ययन से पता चलता है कि विकासखण्ड सरसावा में कुल कर्मकार व्यक्तियों की संख्या 75354 है जिसमें कुल मुख्य कर्मकार 65013, सीमान्त कर्मकार 10341 व्यक्ति हैं। इसके अतिरिक्त पारिवारिक कार्यों में लगे व्यक्तियों की संख्या 1821, कृषक 20470 तथा कृषि श्रमिक 28000 एवं अन्य कार्य में 25063 व्यक्ति हैं।

**सन्दर्भः–**


1. प्राथमिक जनगणना सार, 2011
2. ओझा, आर0 एन0 (1983), जनसंख्या भूगोल, प्रतिभा प्रकाशन, कानपुर, पृ0 133–134।
3. ओझा, आर0 एन0 (1984), जनसंख्या भूगोल, प्रतिभा प्रकाशन, कानपुर, पृ0 196।
4. किम, एस0 यू0 सिन्हा, आर0 एण्ड गौर, के0 डी0 (2002), पापुलेशन एण्ड डेवलपमेण्ट, सनराईज पब्लिकेशन, न्यू देलही।
5. कृष्णा, जी0 एण्ड श्याम, एम0 (1977), लिटरेसी इन इण्डिया, जियोग्राफिकल रिव्यू आफ इण्डिया, वाल्यूम 39, पृ0 117–125।

6. गवर्नमेन्ट आफ इण्डिया (1999), क्लाइमेट आफ उ0 प्र0, इ.डिया मैट्रोलाजिकल डिपार्टमेन्ट, पृ0 30
7. गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, (1978), स्टेटमेण्ट ऑफ इण्डस्ट्रियल पॉलिसी, मिनिस्ट्री ऑफ इण्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट, नई दिल्ली, पृ0 25।
8. पाण्डेय प्रेम शंकर (2015), बनकटी विकासखण्ड (जनपद–बस्ती) का ग्रामीण विकास एवं नियोजनः एक भौगोलिक अध्ययन, अप्रकाशित शोध प्रबन्ध भूगोल विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी।

# ज्ञानशौर्यम्

**Publisher**

Technoscience Academy

(The International open Access Publisher)

Website : www.technoscienceacademy.com